डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

वर्ष -08 अंक -283 | प्रयागराज ,शुक्रवार, 03, फरवरी, 2023 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये



PG-8



PG-8

सिनेमाः-पूजा हेगडे भाई की शादी में पहुंचे सलमान खान, परिवार के साथ कराया फोटो सेशन

## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह 11 फरवरी को करेंगे कर्नाटक का दौरा सहकारी सम्मेलन में लेंगे हिस्सा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मंगलुरु।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 11 फरवरी को कर्नाटक का दौरा करेंगे। अमित शाह दक्षिण कन्नड़ जिले के पुत्तूर में एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। जानकारी के मुबातिक, शाह यहां होने वाले एक सहकारी सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। चुनाव से पहले दक्षिण कन्नड़ का पहला दौरा सहकारी सम्मेलन का आयोजन केंद्रीय सुपारी और कोको विपणन एवं प्रसंस्करण सहकारी लिमिटेड (सीएएमपीसीओ) के स्वर्ण जयंती समारोह के अवसर पर पुत्तूर में सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। एजेंसी ने सीएएमपीसीओ के सूत्रों के हवाले से कहा कि टेनकिला के विवेकानंद कोचिंग संस्थान में दोपहर तीन बजे कार्यक्रम का आयोजन होगा। बता दें कि विधानसभा चुनाव से पहले शाह का दक्षिण कन्नड़ में ये पहला दौरा है। बता दें कि भाजपा अभी प्रदेशभर में संकल्प अभियान चला रही है। उम्मीद है कि अमित शाह सहकारी सम्मेलन के अलावा संकल्प अभियान में भी शामिल होंगे। भाजपा ने साल 2018 में हुए विधानसभा चुनाव में दक्षिण कन्नड़ जिले की आठ सीटों में से सात पर कब्जा किया था।

### विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा की 60 उम्मीदवारों की सूची जारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** मेघालय में इसी महीने विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनावों के देखते हुए सभी पार्टियों ने तैयारी तेज कर दी है। इस बीच भाजपा ने विधानसभा चुनाव के लिए अपने सभी 60 उम्मीदवारों की सूची भी जारी कर दी है। भाजपा की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि सभी उम्मीदवारों के नाम पर भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और पीएम मोदी और अमित शाह से बैठक करने के बाद मुहर लगी है। पीएम मोदी करेंगे रैली भाजपा के अनुसार पीएम मोदी जल्दी ही मेघालय का दौरा करेंगे और कई चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। पीएम 11 फरवरी को राज्य का दौरा कर सकते हैं।

## उत्तराखंड में हिमस्खलन का अलर्ट जारी, मौसम विभाग ने बताया देश के किन राज्यों में होगी बारिश

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** देश में मौसम लगातार बदल रहा है। कभी अचानक ठंड हो रही है, तो कभी तेज धूप लोगों को गर्मी का एहसास करा रही है। संभावना है। वहीं, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में मैदानी इलाकों में न्यूनतम तापमान में मामूली इजाफा हो सकता है। एमपी में चलेंगी तेज हवाए मौसम विभाग ने मध्य प्रदेश विक्षोभ के चलते जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में आज हल्की बारिश की संभावना है। वहीं, इस पूरे हफ्ते अरुणाचल प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में



दिल्ली-एनसीआर, यूपी, बिहार और राजस्थान समेत कई राज्यों में तेज ठंडी हवाओं ने लोगों की मुश्किलें बढ़ाई हुई हैं। इन राज्यों में चलेगी शीतलहर मौसम विभाग ने कहा है कि अगले 2 दिनों के दौरान मध्य प्रदेश और ओडिशा के अलग-अलग हिस्सों में शीतलहर की स्थिति की के कुछ जिलों में तेज हवाएं चलने का अलर्ट जारी किया है। उमरिया, जबलपुर, बालाघाट, सागर, भोपाल और राजगढ़ में शीतलहर का अनुमान है। बारिश और बर्फबारी का अनुमान मौसम विभाग ने कुछ राज्यों में बारिश और बर्फबारी का अनुमान जताया है। विभाग ने बताया कि पश्चिमी हल्की/मध्यम बारिश हो सकती है। बारिश के चलते दक्षिण भारत के राज्यों में मछुआरों के लिए अलर्ट भी जारी किया गया है।इसके अलावा उत्तराखंड के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी की भी संभावना जताई गई है। विभाग ने कुछ हिस्सों में हिमस्खलन का अलर्ट जारी किया है।

## मशहूर फिल्मकार के विश्वनाथ का 92 साल की उम्र में निधन, तेलंगाना के मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** दादा साहेब फाल्के पुरस्कार से सम्मानित मशहूर फिल्मकार कसीनाधुनी विश्वनाथ तेलुगु सिनेमा के साथ-साथ तमिल और हिंदी में भी खूब ख्याति बटोरी थी। उन्हें साल 2016 में दादा साहब फाल्के पुरस्कार से



का गुरुवार की रात निधन हो गया। उन्होंने 92 वर्ष की उम्र में यहां के एक निजी अस्पताल में अंतिम सांस ली। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक, के. विश्वनाथ बीते कुछ समय से अस्वस्थ थे और उम्र संबंधी समस्याओं का सामना कर रहे थे। ऐसे में गुरुवार की आधी रात को अस्पताल में उनका निधन हो गया।तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने विश्वनाथ के निधन पर शोक जताया। मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी एक विज्ञप्ति के माध्यम से यह जानकारी साझा की गई। 'कलातपस्वी' के नाम से लोकप्रिय विश्वनाथ का जन्म फरवरी 1930 में आंध्र प्रदेश में हुआ था। फिल्मकार विश्वनाथ ने सम्मानित किया गया था। विश्वनाथ ने 1965 से 50 फिल्में बनाई हैं। वह तेलुगु फिल्म उद्योग के साथ-साथ तमिल और हिंदी सिनेमा में भी सक्रिय रहे।साउंड आर्टिस्ट के रूप में अपनी यात्रा शुरू करने वाले विश्वनाथ ने 'शंकराभरणम', 'सागर संगमम', 'स्वाति मुत्यम', 'सप्तपदी', 'कामचोर', 'संजोग' और 'जाग उठा इंसान' जैसी फिल्मों का निर्देशन किया है। उनको पद्म श्री से भी नवाजा जा चुका है। इसके अलावा उन्हें पांच राष्ट्रीय पुरस्कार, 20 नंदी पुरस्कार (आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा दिए गए) और लाइफटाइम अचीवमेंट समेत कई अवॉर्ड्स से सम्मानित किया जा चुका है।

## यू एन एस सी में भारत की स्थायी सदस्यता का रूस करता है समर्थन, मित्र देश ने फिर दोहराई यह बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रूस ने एक बार फिर से संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में स्थायी सदस्यता के लिए भारत का समर्थन किया है। दिल्ली में मास्को के राजदूत डेनिस अलीपोव ने विश्व वित्तपोषण, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, स्टार्टअप आर्किटेक्चर को बढ़ावा देने आदि जैसे प्रमुख विषयों पर बहुत बारीकी से काम कर रहे हैं। जिसके जरिए वैश्विक अर्थव्यवस्था को बहाल करने की दिशा में



मामलों की भारतीय परिषद और रूसी परिषद के बीच गुरुवार को हुई एक वार्ता के दौरान यह बात दोहराई है। उन्होंने कहा कि हम यूएनएससी में स्थायी सदस्यता के लिए भारत का समर्थन करते डेनिस अलीपोव ने बताया कि रूस यूएनएससी का स्थायी सदस्य बनने के लिए भारत की प्रतिबद्धता का समर्थन करता है। हम जी-20 और एससीओ में भारत की अध्यक्षता को इन महत्वपूर्ण संघों के एजेंडे को पेश करने के अवसर के रूप में देखते हैं उन्होंने कहा कि हम सप्लाई चेन, लचीलापन, बुनियादी ढांचे के महत्वपूर्ण योगदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमने साथ में यह भी महसूस किया कि सफल होने के लिए कृत्रिम अलगाव अधिकारों के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए, जो अविश्वास पैदा करने के साथ ही स्थिरता को कमजोर करते हैं।इसी बीच डेनिस अलीपोव ने यह भी बताया कि रूस भारत का सबसे बड़ा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है और देश की ऊर्जा सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देता है। साथ ही कहा कि मॉस्को को बहुपक्षीय संस्थानों से बाहर करने के संबंध में भारत ने तटस्थ रुख अपनाया है।

## ऑस्ट्रेलिया में हुए खालिस्तानी चरमपंथ की घटनाओं को लेकर भारत सख्त कहा- दोषियों को मिले कड़ी सजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ने गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया में हुए खालिस्तानी चरमपंथ की घटनाओं की कड़ी निंदा की। साथ ही खालिस्तान जनमत संग्रह को अपनी अस्वीकृति से अवगत कराया है। साप्ताहिक प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यह जानकारी दी। भारत ने ऑस्ट्रेलिया के समक्ष उठाया मुद्दा अरिंदम बागची ने कहा कि हम इस तरह के घटनाओं और तोड़फोड़ की कड़ी निंदा करते हैं। हमने खालिस्तान जनमत संग्रह को अपनी अस्वीकृति से अवगत कराया है। हमने वहां पर भारतीयों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए इसे ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के समक्ष उठाया है। उन्होंने कहा कि हम चरमपंथी तत्वों द्वारा किए गए ऐसे हमलों की कड़ी निंदा करते हैं। साथ ही उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से दोषियों को कड़ी सजा देने का अनुरोध भी किया।उन्होंने कहा कि हम बार-बार ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के साथ प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन से जुड़े घटनाक्रमों को लेकर अपनी चिंताओं को उठाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने खालिस्तान जनमत और चरमपंथी तत्वों द्वारा राजनीतिक रूप से प्रेरित अभ्यासों की दृढ़ता से अस्वीकृति व्यक्त की है। बता दें कि ऑस्ट्रेलिया में पिछले एक पखवाड़े के दौरान तीन भारतीय मंदिरों के हमले के बाद अब वहां खालिस्तान समर्थकों के एक समूह ने ना सिर्फ भारतीयों के एक समूह पर हमला किया बल्कि सार्वजनिक तौर पर भारतीय झंडे का अपमान भी किया था। उल्लेखनीय है कि विदेश मंत्रालय के अधिकारियों का कहना था कि भारत बहुत ही गंभीरता से पूरे मामले को देख रहा है। भारत इस बात से चिंतित है कि ऑस्ट्रेलिया में हाल के महीनों में खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियां बढ़ी हैं। कनाडा, अमेरिका और ब्रिटेन अभी तक खालिस्तान समर्थकों का गढ़ होता रहा है।



### 3 बांग्लादेशी आतंकियों के खिलाफ एनआईए ने दाखिल की दूसरी चार्जशीट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने जमात-उल-मुजाहिदीन के तीन संदिग्ध बांग्लादेशी आतंकवादियों के खिलाफ दूसरा पूरक आरोपपत्र दायर किया है जिन पर प्रतिबंधित संगठन की 'आगे की हिंसक आतंकी गतिविधियों' को अंजाम देने के लिए भारत में घुसने का आरोप है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एजेंसी ने पिछले साल मार्च में मध्य प्रदेश पुलिस एसटीएफ द्वारा 10 अवैध प्रवासियों को गिरफ्तार किए जाने के बाद पांच अप्रैल, 2022 को जांच अपने हाथ में ली थी। एनआईए ने कहा कि जांच से पता चला है कि आरोपी हमीदुल्ला उर्फ मुफकीर उर्फराजू गाजी उर्फ चामेद अली मिया, मो. शहादत हुसैन उर्फ अबीदुल्ला उर्फ हफीजुल हक उर्फ ओबैदुल्ला और तल्हा तालुकदार फारूक जमात-उल-मुजाहिदीन बांग्लादेश (जेएमबी) के सक्रिय कैडर थे।

## गगनयान की उपलब्धि के बाद शुरू होंगे दूसरे मिशन', अंतरिक्ष मलबे के बारे में भी बोले जितेंद्र सिंह

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने गुरुवार को राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में अंतरिक्ष मलबे के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भारत के पर्यावरण पर बढ़ते अंतरिक्ष के मलबों के प्रभावों को लेकर कई अध्ययन कर रहा है। उन्होंने कहा कि इसरो और शिक्षाविदों द्वारा अंतरिक्ष मलबे से संभावित और उभरते खतरों पर अनुसंधान और



पास 111 पेलोज और 105 अंतरिक्ष मलबा है्। कर रहा अध्ययन उन्होंने बताया कि भारत के पास 111 पेलोड और 105 अंतरिक्ष मलबा है, जो पृथ्वी की परिक्रमा लगा रहा है। उन्होंने बताया कि भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन अंतरिक्ष अध्ययन 1990 के दशक की शुरुआत से किया जाता रहा है।इसी बीच जितेंद्र सिंह ने इसरो सिस्टम फॉर सेफ एंड सस्टेनेबल ऑपरेशंस मैनेजमेंट के बारे में भी जानकारी दी। जिसे साल 2022 में राष्ट्र को समर्पित किया गया था। इसे अंतरिक्ष मलबे को लेकर पर्यावरण के विकास की भविष्यवाणी में सुधार और अंतरिक्ष द्वारा उत्पन्न जोखिम को कम करने के उद्देश्य से स्थापित किया गया है। उन्होंने आगे गगनयान मिशन का उल्लेख किया और बताया कि इस मिशन की उपलब्धि के बाद ही भविष्य के मिशन शुरू किए जाएंगे।अंतरिक्ष मलबा सौर मंडल के खगोलीय पिंड जैसे क्षुद्रग्रह, धूमकेतु, और उल्कापिंड (बाहरी अंतरिक्ष में एक छोटी चट्टानी या धातु निकाय) में पाए जाने वाले प्राकृतिक मलबे को संदर्भित करता है। लेकिन आज के सन्दर्भ में अंतरिक्ष के मलबे में खंडित और पुराने उपग्रहों और रॉकेट के अवशेषों को भी शामिल किया जाता है क्योंकि यह अवशेष भी पृथ्वी की परिक्रमा लगाते रहते हैं और एक-दूसरे से टकराते रहते हैं। जिसकी वजह से मलबा पैदा होता है।

## कनाडा में भारतीयों की सुरक्षा सरकार की प्राथमिकताः मुरलीधरन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** विदेश राज्य मंत्री वी मुरलीधरन ने गुरुवार को कहा कि कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और भलाई भारत



सरकार की प्राथमिकता है। कनाडा में भारतीयों के खिलाफ बढ़ते घृणा अपराध और सांप्रदायिक हिंसा के मामलों पर राज्यसभा में एक सवाल के जवाब में मुरलीधरन ने कहा, कनाडा में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और भलाई सरकार की प्राथमिकता है। कनाडा में भारतीय मिशन/वाणिज्य दूतावास लगातार भारतीय समुदाय के संपर्क में हैं। मंत्रालय और हमारे मिशन/वाणिज्य दूतावास संबंधित कनाडाई अधिकारियों के साथ नियमित रूप से भारतीय समुदाय से संबंधित अप्रिय घटना को उठाते हैं और उनसे उचित जांच सुनिश्चित करने, अपराधियों की पहचान और न्याय सुनिश्चित करने का अनुरोध करते हैं। मुरलीधरन ने कहा कि मंत्रालय के साथ-साथ कनाडा में भारतीय मिशन और वाणिज्य दूतावास ने समय-समय पर एडवाइजरी जारी की है। इसमें उस देश में रहने वाले भारतीय नागरिकों को उचित सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। गौरतलब है कि कुछ दिन पहले कनाडा में हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया था। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि ताइवान के प्रति भारत की नीति स्पष्ट है। सरकार व्यापार, निवेश, पर्यटन, संस्कृति, शिक्षा और ऐसे अन्य क्षेत्रों में संवाद को बढ़ावा देती है। भारत और ताइवान के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं, लेकिन द्विपक्षीय व्यापार संबंधों में तेजी आई है।

## देश में प्रति 10 लाख की आबादी पर न्यायाधीशों की संख्या 21 किरेन रिजिजू ने दी जानकारी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने गुरुवार को बताया कि भारत में प्रति दस लाख की आबादी पर न्यायाधीशों की संख्या करीब 21 है। दरअसल, सरकार ने साल 2011 की



जनगणना के आंकड़ों का हवाला देते हुए यह जानकारी दी है। ऐसे निकाला जाता है आंकड़ा केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू ने राज्यसभा को एक प्रश्न के लिखित उत्तर में बताया कि किसी विशेष वर्ष में प्रति दस लाख की आबादी पर न्यायाधीशों की संख्या गिनने के लिए कानून विभाग 2011 की जनगणना के मुताबिक सुप्रीम कोर्ट, हाई कोर्ट, जिला अदालत और अधीनस्थ अदालतों में उस साल न्यायाधीशों की स्वीकृत संख्या के बारे में उपलब्ध जानकारी का उपयोग करता है।इसी बीच उन्होंने न्यायाधीशों की संख्या का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि देश की 10 लाख आबादी पर करीब 21 न्यायाधीश हैं। कब तक चलेगा संसद सत्र इस बार का बजट सत्र 10 फरवरी तक चलने की उम्मीद है। वहीं, बजट सत्र का दूसरा चरण 6 मार्च से शुरू हो सकता है और 6 अप्रैल को खत्म होने की उम्मीद है। एक फरवरी को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण केंद्रीय बजट पेश कर चुकी हैं।

## ये नया भारत है, पावर ब्लैकऑउट मंजूर नहीं'', बिजली आपूर्ति पर केंद्रीय मंत्री आरके सिंह का बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** हाल ही में कोयला आयात को लेकर अपनी नीति बदलने के बाद केंद्रीय बिजली मंत्री उसका मिश्रण भी किया जाएगा। आरके सिंह ने कहा कि यह नया भारत है, यहां पावर ब्लैकऑउट अब मंजूर नहीं है। आरके सिंह की मेजबानी कर रहा है। जी20 समूह में शामिल देश वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 85 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार का 75 प्रतिशत



आरके सिंह ने दो टूक कहा है कि सरकार का लक्ष्य देश में पर्याप्त और उचित मूल्य पर बिजली उपलब्ध कराना है। इसके लिए जरूरत पड़ने पर बाहर से कोयला आयात भी किया जाएगा और घरेलू कोयले में छह-सात फरवरी को बेंगलुरु में जी-20 देशों के बीच बिजली उपयोग में बदलाव के विषय में होने वाली बैठक की जानकारी देने के लिए मीडिया से बात कर रहे थे।भारत इस साल प्रतिष्ठित जी20 सम्मेलन से अधिक का प्रतिनिधित्व करते हैं। इन देशों में दुनिया की आबादी के दो-तिहाई लोग रहते हैं। देश में तेजी से बढ़ रही बिजली की मांग बिजली मंत्रालय ने हाल ही में देश के ताप बिजली संयंत्रों को फिर से कोयला आयात सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। पहले भी यह नियम लागू किया गया था लेकिन बाद में इस नियम को हटा दिया गया था। अब नया बदलाव इसलिए किया गया है कि देश में बिजली की मांग तेजी से बढ़ रही है। जुलाई 2022 में बिजली की मांग 2.12 लाख मेगावाट थी, जिसके इस वर्ष 2.25 लाख मेगावाट हो जाने की संभावना है।भारत अपनी जरूरत का 70 प्रतिशत बिजली कोयला आधारित संयंत्रों से लेता है। घरेलू कोयला का उत्पादन बढ़ा है, लेकिन सरकार कोई जोखिम नहीं लेना चाहती। बिजली मंत्री ने कहा कि इसका फैसला जरूरत के हिसाब से होता है। पहले भी घरेलू कोयले में आयातित कोयले का मिश्रण होता रहा है। इसलिए इस बारे में फैसला करने में कोई समस्या नहीं है। हम किसी भी सूरत में बिजली आपूर्ति में बाधा नहीं चाहते।

# सदर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन 04 फरवरी को

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में दिनांक 04 फरवरी 2023 को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सदर में किया जायेगा। इसके अलावा अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान का आयोजन तहसील लालगंज एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील पट्टी में किया जायेगा, अन्य तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता आयोजित होगा। इसी प्रकार दिनांक 18 फरवरी 2023 को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील रानीगंज, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) की अध्यक्षता में तहसील सदर में एवं मुख्य राजस्व अधिकारी की अध्यक्षता में तहसील कुण्डा में किया जायेगा। अन्य तहसीलों में सम्बन्धित उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जायेगा।

# बहादुरपुर ब्लॉक अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** मंडल आयुक्त ने आज फूलपुर तहसील स्थित बहादुरपुर ब्लॉक कार्यालय एवं पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया जिसके



दौरान कार्यालय के अधिकांश । अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा टूर रजिस्टर पर एंट्री दर्ज ना करने तथा जन सुनवाई ना करने पर मंडलायुक्त ने खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 1 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं। बी0डि0यो0 से जनसुनवाई एवं ग्रांट रजिस्टर मांगे जाने पर ग्रांट रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया जा सका। जन सुनवाई रजिस्टर में नवंबर 2022 के बाद की कोई एंट्री नहीं मिली। सभी पंचायत भवनों पर ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं संबंधित लेखपालों की रोस्टर वार सूची पेंट कराने के निर्देश दिए गए तथा जिलाधिकारी से अपेक्षा की गई कि यह कार्य सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों पर कराना सुनिश्चित कराए इन सभी लापरवाही एवं निर्देशों का अनुपालन ना किए जाने के दृष्टिगत बी0डि0यो0 को प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश। पंचायत भवन के आसपास की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर उपजिलाधिकारी फूलपुर को जांच कर आख्या प्रस्तुत करने को कहा गय मंडल आयुक्त श्री विजय विश्वास पंत ने आज फूलपुर तहसील स्थित बहादुरपुर ब्लॉक कार्यालय एवं पंचायत भवन का औचक निरीक्षण किया जिसके दौरान कार्यालय के अधिकांश अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अनुपस्थिति का कारण पूछे जाने पर संतोषजनक उत्तर नहीं मिला तथा किसी भी अधिकारी एवं कर्मचारी द्वारा कार्यालय छोड़ते समय टूर रजिस्टर पर एंट्री दर्ज नहीं की गई थी। किसी भी अधिकारी द्वारा जन सुनवाई भी नहीं की जा रही थी जिस पर मंडलायुक्त ने खासी नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी अनुपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों का 1 दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिए हैं।मौके पर बहादुरपुर ब्लॉक के खंड विकास अधिकारी से जनसुनवाई एवं ग्रांट रजिस्टर मांगे जाने पर उनके द्वारा ग्रांट रजिस्टर उपलब्ध नहीं कराया जा सका। साथ ही जन सुनवाई रजिस्टर में नवंबर 2022 के बाद की कोई भी इंट्री नहीं मिली। इससे परिलक्षित होता है कि ब्लॉक कार्यालय में जनसुनवाई का कार्य प्रतिदिन नहीं किया जा रहा है।इसी क्रम में मंडलायुक्त ने बहादुरपुर ब्लॉक के पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया। पंचायत भवनों में निरंतर जन सुनवाई कराते रहने हेतु अधिकारियों की उपलब्धता की सूची लगाने का जो आदेश शासन द्वारा दिया गया है उसका भी अनुपालन नहीं किया गया था। मंडलायुक्त ने सभी पंचायत भवनों पर ग्राम पंचायत अधिकारी, ग्राम विकास अधिकारी एवं संबंधित लेखपालों की रोस्टर वार सूची पेंट कराने के निर्देश दिए तथा जिलाधिकारी से अपेक्षा की गई की इस कार्य को सभी ग्राम पंचायत कार्यालयों पर कराना सुनिश्चित कराएं। इन सभी लापरवाही एवं निर्देशों का अनुपालन ना किए जाने के दृष्टिगत ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर बहादुरपुर को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त पंचायत भवन के आसपास की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर मंडलायुक्त ने उपजिलाधिकारी फूलपुर को इस संबंध में जांच कर उनके समक्ष आख्या प्रस्तुत करने को भी कहा है।

# प्रयागराज में आज रात से लागू रहेगा रूट डायवर्जन, भारी वाहनों के लिए रहेगी नो एंट्री

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** माघ मेला के पांचवे स्नान पर्व पर माघी पूर्णिमा को लेकर यातायात और भीड़ नियंत्रण के लिए शुक्रवार यानी आज रात से पाबंदियां लागू की जा रही हैं। इसके तहत भारी कामर्शियल वाहनों का अंतरजनपदीय डायवर्जन रात 12 बजे से शुरू होकर छह फरवरी की रात लागू रहेगा। इसके अलावा, ट्रक जैसे भारी वाहनों पर इसी अवधि में शहर में नो एंट्री आदेश भी रहेगा। ये हैं नो एंट्री प्वाइंट शहर में नो एंट्री प्वाइंट हैं पुलिस चौकी बमरौली थाना पूरामुफ्ती, टीपी नगर तिराहा थाना धूमनगंज, सहसों चौराहा, हबूसा मोड़ थाना सरायइनायत, सोरांव बाईपास थाना सोरांव, नवाबगंज बाईपास



थाना नवाबगंज, फाफामऊ, 40 गुमटी थाना थरवई, रामपुर चौराहा थाना औद्योगिक क्षेत्र, घूरपुर थाना गेट थाना घूरपुर। पार्किंग स्थल भरते ही रोक दी जाएगी वाहनों की एंट्री ट्रैफिक पुलिस अधिकारियों ने बताया कि माघ मेले के पार्किंग स्थल आधे भी भरे तो मेले के अंदर वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी जाएगी। पिछले दिनों शहर में अचानक वाहनों का दबाव बढ़ने से तीन दिनों तक जाम की स्थिति बनी रही। मेले के तीनों पार्किंग स्थल आधे भरने पर अलग-अलग रूट के वाहनों को उसी मार्ग पर निधार्रित पार्किंग स्थलों पर खड़ा कराया जाएगा।माघी पूर्णिमा पर माघ मेला क्षेत्र में ई-रिक्शा एवं टेंपो का संचालन प्रतिबंधित रहेगा। इसके साथ ही शास्त्री पुल, नया यमुना पुल और पुराना यमुना पुल से ई-रिक्शा तथा टेंपो का संचालन नहीं होगा।

# मेला जल पुलिस लगातार श्रद्धालुओं की सुरक्षा को तत्पर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज माघ मेला पुलिस श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर रहती है चाहे जल



सुरक्षा हो या थल सुरक्षा हो, माघ मास में लगातार श्रद्धालुओं/ स्नानार्थियो का जन समूह संगम स्नान के लिए माघ मेला क्षेत्र में आता रहते हैं मेला क्षेत्र में बने 14 स्नान घाटों पर समुचित पुलिस प्रबंध किए गए हैं सभी घाटों पर बैरिकेडिंग की गई है साथ ही स्नान घाटों पर जाल का बिछाव भी किया जाता है बैरिकेडिंग के चारों तरफ चप्पे-चप्पे पर जल पुलिस के प्रशिक्षित गोताखोर, एस.डी.आर.एफ., एन.डी.आर.एफ.,बाढ़ राहत दल पीएससी का पहरा रहता है व श्रद्धालु/ स्नानार्थियो की सुरक्षा के लिए विभिन्न शाखाओं से पुलिस बल भी व्यवस्थापित किए जाते हैं संगम आने वाले श्रद्धालुओं के सुरक्षित स्नान संपन्न कराने हेतु फ्लड कंपनी के जवानों के साथ मोटर बोट तथा प्रशिक्षित गोताखोरों की नियुक्ति की जाती है स्टीमर के माध्यम से संगम क्षेत्र तथा महत्वपूर्ण घाटों पर निरीक्षण किया जाता है श्रद्धालुओं की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए घाटों/जलों में लगे हुए जल पुलिस एवं एस.डी.आर.एफ. कंपनी के जवानों द्वारा निरंतर सतर्कता बरती जाती है बाढ़ राहत दल पीएससी के जवानों के द्वारा मोटर बोट के माध्यम से गस्त करते हुए लगातार श्रद्धालुओं को सावधानीपूर्वक स्नान कराने हेतु प्रेरित किया जाता रहता है मेला क्षेत्र में प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षित प्रवक्ताओं के द्वारा जल में डूबने से बचाव का मार्क-ड्रिल प्रदर्शन करके जवानों को रोचक व प्रभावी जानकारी भी प्रदान की जाती है जिससे उनका उत्साहवर्धन होता है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक माघ मेला डॉ राजीव नारायण मिश्र घ्इए के द्वारा लगातार जल पुलिस के अधिकारियों/कर्मचारियों से मुलाकात करके श्रद्धालुओ/ स्नानार्थियो के सकुशल स्नान करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते हैं और कड़ाई से पालन कराए जाने हेतु निर्देशित किया जाता रहेता है। एवं आगामी स्नान पर्व माघी पूर्णिमा और महाशिवरात्रि स्नान पर्व पर भी जल पुलिस पूर्णतया सतर्क होकर मेला क्षेत्र में अपने कार्य का निर्वाहन करता रहेगा।

# चोरी की 02 मोटर साइकिल सहित 03 अभियुक्त को थाना झूंसी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज थाना झूंसी पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर कोनिया मोटर्स के आगे खुला मैदान बहद चक से 03 अभियुक्तों 1. अमर बहादुर पुत्र जियालाल निवासी चकहरिहरवन थाना झूंसी जनपद प्रयागराज, 2. जितेन्द्र कुमार पुत्र गुड्डू हरिजन निवासी चकहरिहरवन थाना झूंसी जनपद प्रयागराज व 3. नितिश कुमार उर्फ विनय पुत्र पारसनाथ भारतीया निवासी चकहरिहरवन थाना झूंसी जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 02 मोटर साइकिल बरामद किए गये। दिनांक 01.02.2023 को वादी मुकदमा श्री आशुतोष पाण्डेय के प्रार्थना पत्र मोटर साइकिल नं0-7195 मोटर साइकलि चोरी के सम्बन्ध में थाना झूंसी में मु0अ0सं0-56/23 धारा 379 भा0दं0वि0 पंजीकृत किया गया है एवं बरामद 01 अन्य मोटर साइकिल नम्बर 9384 के सम्बन्ध में थाना झूंसी में मु0अ0सं0 59/2023 धारा 379/411/413/467/468 भा0दं0वि0 पंजीकृत किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्रवाई की गयी।



## घर में खून से सने मिले पति-पत्नी, दोनों के हाथों में थे चाकू

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां पति-पत्नी खून से सने घर में मिले। हैरानी की बात यह है कि दोनों के हाथों में चाकू था और दोनों खून से लथपथ थे। पुलिस प्रथम दृष्टया मान रही है कि दोनों झगड़े के बाद एक दूसरे पर हमला किया है। पुलिस को पड़ोसियों ने बताया कि मक्खन बागवानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता है। परिवार में उसकी पत्नी सुमन और तीन बच्चे हैं। तीनों बच्चों में लड़की की शादी हो चुकी है। वहीं एक बेटा शिवम और दूसरा बेटा विवेक मजदूरी करते हैं। दोनों बेटे काम पर गए थे। पड़ोसियों ने बताया कि घर से लड़ाई झगड़े की आवाज आई तो वह जब घर में पहुंचे तो दोनों पति पत्नी खून से सने पड़े थे। दोनों को अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। लोगों का कहना है कि मक्खन अपनी पत्नी पर शक करता था। इसी को लेकर दोनों में झगड़ा होता रहता था।

## दुष्कर्म के अभियोग में वांछित अभियुक्त थाना पूरामुफ्ती पुलिस द्वारा गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज थाना पूरामुफ्ती में पंजीकृत मु0अ0सं0 381/22 धारा 363/376(2)छ भा0दं0वि0, 5/6 पॉक्सो एक्ट व 3(2)5 में वांछित अभियुक्त भैया जी उर्फ सुनील यादव पुत्र राकेश यादव निवासी लाहुरपार बमरौली थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को थाना पूरमुफ्ती पुलिस द्वारा आज दिनांक 02.02.2023 को लाहुरपार ओवर ब्रिज के नीचे थाना क्षेत्र पूरामुफ्ती से गिरफ्तार किया गया। नियमानुसार आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता- भैया जी उर्फ सुनील यादव पुत्र राकेश यादव निवासी लाहुरपार बमरौली थाना पूरामुफ्ती जनपद **पंजीकृत अभियोग का विवरण-** मु0अ0सं0-363/376(2)छ भा0दं0वि0, 5/6 पॉक्सो एक्ट व 3(2)5 एण/एऊँण्, थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज **गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-**




1.थानाध्यक्ष उपेन्द्र प्रताप सिंह थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज । 2.का0 संजीत कुमार थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज। 3.का0 बाल गोविन्द थाना पूरामुफ्ती कमिश्नरेट प्रयागराज।

# प्रयागराजः मच्छर भगाने वाली अगरबस्ती से घर में लगी आग, मां-बेटे की मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रयागराज के अतरसुइया के दरियाबाद कटहरा इलाके में सोमवार देर रात आग से झुलसने वाली बुजुर्ग चांदकली ने उसकी मां चंद्रकली कमरे में सो रहे थे। देर रात अचानक आग लगी तो दोनों चीखने लगे, लेकिन तब तक आग ने भीषण रुख अख्तियार कर लिया था। दरवाजे और खिड़की



भी बुधवार को दम तोड़ दिया। इसी घटना में बेटे विनोद की मंगलवार को मौत हो गई थी। मां बेटे एक ही कमरे में सो रहे थे। मच्छर मारने वाली अगरबत्ती से बिस्तर में आग लगने से यह हादसा हुआ था।दरियाबाद कटहरा इलाके का रहने वाला विनोद निषाद (32) ई रिक्शा चलाता था। विनोद की शादी हो चुकी है, लेकिन विवाद के बाद पत्नी बच्चे को लेकर मायके चली गई। विनोद के दो बड़े भाई नरेश और अशोक घर के ऊपरी हिस्सों में अपने-अपने परिवार के साथ रहते हैं। सोमवार की रात विनोद और में आग लगने के कारण दोनों फंस गए। घर वालों और मुहल्ले वालों ने किसी तरह आग पर काबू पाया। गंभीर रूप से झुलसे विनोद और चंद्रकली को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। मंगलवार को विनोद और बुधवार को चंद्रकली ने दम तोड़ दिया। अतरसुइया थाना प्रभारी वाईपी सिंह ने बताया कि घरवालों ने लिखकर दिया है कि विनोद अपने बिस्तर के बगल में मच्छर मारने वाली अगरबत्ती जलाकर सोता था। उसी से आग लगी थी। इस मामले में इत्तेफाकिया की रिपोर्ट दर्ज की गई है।





## पूर्व चीफ जस्टिस रंजन गोगोई का बड़ा बयान

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश और राज्यसभा सांसद रंजन गोगोई ने प्रभु श्रीराम को लेकर बड़ा बयान दिया है। पूर्व मुख्य न्यायाधीश गोगोई ने कहा कि प्रभु श्रीराम और संविधान, दोनों ही सर्वोपरि हैं। सुबह सभी लोग संविधान का स्मरण करें और प्रभु श्रीराम का नाम लें तो कल्याण होगा। बता दें पूर्व मुख्य न्यायाधीश अखिल भारतीय धर्म संघ के शिविर में भाग लेने पहुंचे थे। आपको बता दें वह बुधवार को गुवाहाटी से माघ मेला स्थित अखिल भारतीय धर्म संघ के शिविर में आयोजित संत सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेने आए थे। उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवा पीढ़ी की बड़ी जिम्मेदारी है। उन्हें इसे ईमानदारी से निभाना होगा, तभी देश मजबूत होगा। उनके साथ उनकी पत्नी रूपांशी गोगोई भी मौजूद थीं। गौरतलब है कि जस्टिस गोगोई ने अपने कार्यकाल के दौरान संवेदनशील अयोध्या भूमि विवाद मामले सहित कई प्रमुख निर्णय सुनाने वाली पीठों का नेतृत्व किया था। 16 मार्च, 2020 को को सरकार द्वारा उन्हें राज्यसभा के लिए नामित किया गया था। गोगोई ने उन पीठों का भी नेतृत्व किया था जिन्होंने राफेल लड़ाकू जेट सौदे और प्रसिद्ध सबरीमाला मंदिर में महिलाओं के प्रवेश जैसे मामलों पर फैसला सुनाया था।

## बहन की सगाई की तैयारी में जुटे प्रेमी के घर पहुंची प्रेमिका ने ब्लेड से काटा अपना गला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**प्रयागराज।** प्रेमी की सगाई की सूचना पर एक युवती प्रयागराज से यहां पहुंच गई। उसने युवक के घर पर हंगामा किया। युवक की बहन की सगाई की तैयारी



में बाधा आने पर उसने युवती को घर से भगा दिया। युवती ने बाग में जाकर अपनी जान देने की कोशिश की। जानकारी के मुताबिक, कंधई के एक गांव का युवक चार साल पहले प्रयागराज में पढ़ाई करने गया था, वहां उसका अल्लापुर मुहल्ले की निवासी एक युवती से प्रेम हो गया। युवती का आरोप है कि दोनों लगभग तीन वर्ष तक एक-दूसरे के साथ रहे। शादी की बात आई तो युवक के स्वजन ने शादी से इनकार कर दिया। शादी से इनकार करने पर युवती ने प्रयागराज में युवक और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा था। प्रयागराज पुलिस ने युवक का चालान कर जेल भेज दिया था। बाद में युवक युवती की शादी का समझौता होने पर युवक की जमानत हुई और अपने गांव चला आया। बुधवार को युवक के बहन की सगाई की तैयारी उसके घर पर चल रही थी तो युवती ने समझा कि प्रेमी युवक की सगाई की तैयारी है, जिससे वह बुधवार सुबह लगभग साढ़े 10 बजे प्रयागराज से युवक के घर पहुंच गई और वहां जमकर बवाल काटा। इस दौरान प्रेमी युवक और स्वजन समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन युवती पर कोई फर्क नहीं पड़ा, जिससे युवक ने उसे घर से भगा दिया और वह हंगामा करते हुए प्रेमी के घर के सामने स्थित बाग में अपने गर्दन पर ब्लेड से हमला कर घायल कर लिया।

# ओला बाइक चालक ने हेलमेट पहनने से किया इनकार, एसीपी ने कंपनी को भेजा नोटिस, दी कार्रवाई की चेतावनी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** एक तरफ सरकार, मीडिया और पुलिस प्रशासन सुरक्षित यातायात को लेकर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर कुछ लोग नियम कानून को ताक पर रख कर अपनी प्रवृत्ति बदलने का नाम नहीं ले रहे हैं। ऐसे ही एक मामले को लेकर ट्रैफिक विभाग ने ओला कंपनी को नोटिस जारी किया है हुआ यूं कि सत्या फाउंडेशन के सचिव चेतन उपाध्याय ने बुधवार की शाम को रामनगर से लंका जाने के लिए ओला बाइक यूपी 65 बीसी 2520 बुक कराई। नियम के मुताबिक, पीछे बैठने वाले के लिए भी हेलमेट पहनना अनिवार्य होता है और चेतन ने भी हेलमेट लगा रखा था। ओला बाइक चालक को ओटीपी बताने के बाद चेतन ने देखा कि ओला बाइक चालक ने हेलमेट नहीं पहना था। पूछने पर जवाब दिया कि उसने अपने जीवन में कभी भी हेलमेट नहीं लगाया है और आगे भी नहीं लगाएगा। इसके बाद चेतन ने उसकी सेवा नहीं ली और ओला कंपनी के मुख्यालय को शिकायत भेजी। साथ ही एसीपी ट्रैफिक विकास श्रीवास्तव को इस मामले से अवगत कराया। इसके बाद एक घंटे के अंदर ही एसीपी ने चेतन उपाध्याय की शिकायत का हवाला देते हुए ओला कंपनी के मुख्यालय को कड़े शब्दों में नोटिस जारी किया है। इसमें कहा गया है कि ओला कंपनी द्वारा अपने सभी चालकों को यातायात और सड़क सुरक्षा नियमों (सीट बेल्ट, हेलमेट आदि) के प्रति जागरूक करे तथा अनिवार्य रूप से नियमों का पालन करने वाले कर्मियों व चालकों को ही नियुक्त करना सुनिश्चित करें। दोबारा शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।




# गोरखपुर में तेज रफ्तार का कहर, ट्रैक्टर-ट्राली ने ऑटो में मारी टक्कर, दो की मौत- 3 घायल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** गोरखपुर शहर के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के कठउर गांव के पास बंधे पर मिट्टी लदी ट्रैक्टर-ट्राली ने आटो में टक्कर मार दी। इससे आटो सवारी समेत पलट गया। पुलिस आसपास के लोगों की मदद से गंभीर रूप से घायल पांच सवारियों को लेकर जिला अस्पताल पहुंची, जहां डाक्टरों ने बड़गो के संजय यादव को मृत घोषित कर दिया। इसी गांव के आश मोहम्मद और झंगहा के अछैवर को मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। बीच रास्ते में आश मोहम्मद की भी मृत्यु हो गई। पुलिस ने मृतक संजय के भाई रंजीत यादव की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया है। चालक समेत ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है। उधर, घटनास्थल पर मौजूद रहे आसपास के लोगों ने बताया कि बंधे पर अवैध रूप से मिट्टी लादकर वाहनों का दिन-रात आना-जाना लगा रहता है। बता दें कि सुबह कठउर बंधे पर एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर-ट्राली मिट्टी लादकर ट्रांसपोर्ट नगर की तरफ जा रही थी। कठउर गांव के पास अनियंत्रित हो सामने से आ रहे आटो में टक्कर मार दी। आटो सवारी समेत बंधे के किनारे पलट गया। आसपास के लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और पिटाई करने के बाद पुलिस के सिपुर्द कर दिया। उधर, गंभीर रूप से घायलों में दो की अस्पताल ले जाते समय मृत्यु हो गई। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मंझरिया बिस्टौली के गोधन व बड़गो के चंद्रकेतु का उपचार सदर अस्पताल में चल रहा है। मिट्टी के अवैध कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। पुलिस की मिलीभगत से रात के अंधेरे व दिन के उजाले में भी यह फल-फूल रहा है। रामगढ़ताल थाना क्षेत्र में शाम सात बजते ही सड़कों पर मिट्टी लदे डंपर के साथ ट्रैक्टर-ट्राली दौड़ने लगती हैं। इनकी तेज रफ्तार से राहगीर हर वक्त सहमे रहते हैं। पुलिस सब देखते हुए भी मूकदर्शक बनी रहती है। हादसा होने पर पुलिस खनन विभाग व प्रशासन का हवाला देकर पल्ला झाड़ लेती है। पुलिस अधीक्षक नगर कृष्ण कुमार विश्नोई ने बताया कि मिट्टी खनन के अवैध कारोबार को बंद कराया जाएगा। अभियान चलाकर पुलिस वाहनों की जांच करेगी। साथ ही रायल्टी नहीं होने पर वाहनों को सीज कराया जाएगा।



# भाजपा के देवेंद्र सिंह ने इस सीट से लगाई जीत की हैट्रिक, बोले सपा की साइकिल हो चुकी पंक्चर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** गोरखपुर- फैजाबाद खण्ड स्नातक एमएलसी चुनाव का परिणाम आने के साथ भाजपा के टिकट पर जीत हासिल कर




देवेंद्र प्रताप सिंह ने इस सीट का एक नया इतिहास रच दिया है। 69 वर्ष के देवेंद्र सिंह ने लगातार तीसरी बार सीट पर कब्जा जमाकर जीत की हैट्रिक लगाई है। जीत के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि 'सपा की साइकिल पंचर हो चुकी है, वो गए काम से'। इस सीट पर जीत के संपूर्ण इतिहास की बात करें तो वह चौथी बार स्नातक एमएलसी बने हैं। पहली बार उन्हें 1998 में सपा प्रत्याशी के तौर पर जीत मिली थी। 2004 में वाईडी सिंह ने इस चुनाव में देवेंद्र सिंह को हरा दिया लेकिन 2010 में सपा के टिकट से ही उन्होंने यह सीट फिर से हासिल कर ली। जीत का सिलसिला उन्होंने 2016 में भाजपा के टिकट से जारी रखा। एक बार फिर भाजपा ने उनपर भरोसा जताया और वह उस भरोसे पर खरे उतरे। गोरखपुर के भौवापार के रहने वाले देवेंद्र सिंह की पहचान छात्र जीवन से ही एक संघर्षशील नेता के तौर पर रही है। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में अध्ययन के दौरान उन्होंने बतौर छात्र नेता छात्रहित के लिए संघर्ष किया था। उस दौरान के सभी छात्र आंदोलनों में सक्रिय भागीदारी निभाई थी।

# अमृत स्टेशन से संवरेंगे 64 रेलवे स्टेशन बनारस के चार स्टेशन भी शामिल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 44 और पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 20 रेलवे स्टेशन अमृत स्टेशन स्कीम के तहत संवारे जाएंगे। यह कार्य मार्च से शुरू होगा। बजट में रेलवे की महत्वपूर्ण परियोजनाओं को गति देने के लिए बजट मिल गया है। रेल मंत्रालय जल्द इसकी पिंक बुक जारी करेगा। उत्तर व पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के 12 बड़े प्रोजेक्टों को सबसे अधिक बजट मिला है। इसमें उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के वाराणसी कैंट, काशी, लोहता, शिवपुर, बाबतपुर, व्यासनगर, जौनपुर जंक्शन, जौनपुर सिटी, मड़ियाहूं, जफराबाद, भदोही, प्रतापगढ़, रायबरेली, शाहगंज, सुलतानपुर, बाराबंकी, उन्नाव, प्रयाग जंक्शन, फाफामऊ, कानपुर पुल बायां किनारा, मानकनगर, मल्हौर, उतरेटिया, अमेठी, अकबरपुर, गौरीगंज, फूलपुर, मोहनलालगंज, निहालगढ़, हैदरगढ़, जंघई, लालगंज, श्रीकृष्णानगर, ऊंचाहार, बछरावां, चिलबिला, बादशाहपुर, कुंडा हरनामगंज, तकिया, भरतकुंड, दर्शननगर, लंभुआ, अयोध्या, चारबाग को शामिल हैं। मुरादाबाद रेल मंडल के हरदोई के अलावा पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के बादशाहनगर, खलीलाबाद,




सिद्धार्थनगर, सीतापुर, मगहर, तुलसीपुर, बलरामपुर, लखीमपुर, बढ़नी, स्वामीनारायण छपिया, रामगढ़ हाल्ट, बहराइच, गोला गोकर्णनाथ, मैलानी, ऐशबाग, लखनऊ सिटी, डालीगंज, गोंडा, गोरखपुर और गोमतीनगर स्टेशनों का विकास एवं सुंदरीकरण अमृत स्टेशन स्कीम के तहत होगा। लखनऊ को मिलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस लखनऊ से भी नई दिल्ली रेलखंड पर वंदे भारत एक्सप्रेस चलाने की तैयारी है। इससे पहले रेलवे मल्हौर में वंदे भारत एक्सप्रेस की मेंटेनेंस यूनिट स्थापित करेगा। आम बजट में रेलवे के मल्हौर में वंदे भारत एक्सप्रेस मेंटेनेंस यूनिट स्थापित करने की योजना को शामिल की गई है।अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) की हाइस्पीड ट्रेनों और हाइपरलूप ट्रेनों को चलाने के प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी गई है। आइआइटी बीएचयू और आइआइटी चेन्नई के साथ आरडीएसओ हाइपरलूप ट्रेन का प्रोटोटाइप बनाएगा। आइआइटी खडगपुर के साथ हाइस्पीड ट्रेनों के प्रोटोटाइप पर भी आरडीएसओ काम करेगा। अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) की हाइस्पीड ट्रेनों और हाइपरलूप ट्रेनों को चलाने के प्रोजेक्ट को प्राथमिकता दी गई है। आइआइटी बीएचयू और आइआइटी चेन्नई के साथ आरडीएसओ हाइपरलूप ट्रेन का प्रोटोटाइप बनाएगा। आइआइटी खडगपुर के साथ हाइस्पीड ट्रेनों के प्रोटोटाइप पर भी आरडीएसओ काम करेगा।

# ईंट-भट्ठे की दीवार गिरने से दो महिलाओं की मौत तीन घायल; कोयला बीनने के समय हुआ हादसा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**वाराणसी।** ईंट भट्ठे पर दीवार गिरने से कोयला बीन रहीं चार महिलाएं उसकी चपेट में आ गईं। दो महिलाओं की मौके पर मौत हो गई, जबकि तीन घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बड़ागांव थाना क्षेत्र के अनौरा गांव में हुई घटना की जानकारी होने पर जिलाधिकारी, डीसीपी समेत अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। सीसीटीवी में दुर्घटना का फुटेजा देखा। मृतकों के स्वजन को आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया है। एनडीआरएफ की टीम भी पहुंची थी। सिगरा के रहने वाले अमर प्रधवानी का गोसाईपुर गांव में टाटा मार्का ईंट भट्ठा वर्ष 1997 से है। ईंटों को पकाने में इस्तेमाल हुए कोयले को बिनने के लिए महिलाएं वहां जाती हैं। गुरुवार की शाम को भगतूपुर गांव की व भट्ठे पर काम करने वाली महिलाएं चिमनी से सटाकर पकाने के लिए रखी ईंट के पास बैठकर भट्ठे से कोयला बीन रही थीं। इसी दौरान, ईंट पकाने के लिए बनी दीवार उन पर गिर पड़ी। चार महिलाएं भगतूपुर की लालमनी देवी, माला देवी, भट्ठे पर ईंट पथाई करने वाली भदोही के ज्ञानपुर की रीता देवी, बिहार की राधिका व छत्तीसगढ़ की जयंती देवी इसके नीचे दब गईं। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे। ईंटों को हटाकर उन्हें बाहर निकालने की कोशिश शुरू कर दी।



सूचना मिलने पर बड़ागांव थाना प्रभारी अश्वनी चतुर्वेदी व हरहुआ चौकी प्रभारी सचिन पटेल पुलिस के साथ पहुंच गए। लालमनी देवी (65 वर्ष) व माला देवी (45 वर्ष) की मौत हो गई थी। घायल रीता देवी व राधिका देवी व जयंती को हरहुआ के खुशहाल मेमोरियल हास्पिटल पहुंचाया। चला तलाशी अभियान जिलाधिकारी एस राजलिंगम, डीसीपी वरुणा व्रिकांत वीर के साथ अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचकर हालात का जायजा लिया। ईंटों के ढेर में अन्य लोगों के मौजूद होने की आशंका में एनडीआरएफ ने तलाशी अभियान चलाया। भट्ठा मालिक को भी बुलाया गया। अनौरा के प्रधान दीपक चौहान व भगतूपर के प्रधान प्रतिनिधि बंशराज यादव ने मृतकों के स्वजन को आर्थिक सहायता की मांग की। डीएम ने आर्थिक मदद का आश्वासन देते हुए राजस्व विभाग को सारी प्रक्रिया के लिए निर्देशित किया। भट्ठे के मुंशी राकेश सिंह सहयोगी अवध राम व राजेन्द्र प्रसाद को पुलिस ने पूछताछ के लिए बैठा लिया। एसडीएम पिंडरा को जांच का निर्देश दिया। देर शाम को एनडीआरएफ की टीम ने भी तलाश किया कि कोई अन्य महिला तो मलबे में नहीं है। कोयले से जलता है कई घरों का चूल्हा ईंट भट्ठे पर ईंट पकाने के लिए कोयले का इस्तेमाल होता है। इसमें कुछ कोयला अधजला रह जाता है। इससे ही पास की बस्ती व भट्ठे पर काम करने वाले कई परिवारों का चूल्हा जलता है। इस अधजले कोयले को बीनने के लिए महिलाएं जाती हैं। एक बार में इतना कोयला बीन लाती हैं कि दो-तीन तक तक चूल्हे पर खाना पका सकें।जिन दो महिलाओं की मौत हुई उनको उज्ज्वला योजना के तहत गैस सिलेंडर मिला है लेकिन इसका इस्तेमाल नहीं करते हैं। बिना किसी खर्च के ईंट-भट्ठे से मिलने वाले कोयले से उनका चूल्हा जलता है। इसलिए सिलेंडर पर खर्च नहीं करते हैं। घटना में जान गंवाने वाली लालमनी के चार बेटे व माला का पति मजदूरी करते हैं। लालमनी का बेटा गुलाब पूर्व प्रधान रहा है। बच्चियां भी जाती हैं कोयला बटोरने पांच बीघे के बड़े क्षेत्र में मौजूद ईंट भट्ठा पर सुरक्षा का इंतजाम नहीं है। यहां कोई भी बेरोक-टोक आ-जा सकता है। जहां ईंट पकाई जाती है वहां का तापमान काफी ज्यादा होता है लेकिन वहां तक भी बाहर के लोग पहुंच जाते हैं। यहां तक कि बच्चियां भी कोयला बिनने के लिए आती हैं। घटना के दौरान भी कुछ बच्चियां भी थी लेकिन वह थोड़ी दूर थीं। जिलाधिकारी ने सुरक्षा को लेकर नाराजगी भी जताई। उन्होंने भट्ठा मालिक को सुरक्षा इंतजाम करने के लिए कहा।

सीधे प्रवेश

100% Placement

15% Fee Concession

नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)

- प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
- हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



- कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) — फिटर
- डेटा इंट्री आपरेटर — वेल्डर
- फायर सेफ्टी — सीसीए
- कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग — रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
- इलेक्ट्रीशियन — सिक्योरिटी सर्विस
- सीएनसी प्रोग्रामिगं — बेसिक कम्प्युटर
- इलेक्ट्रिक मैकैनिक — कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com

प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873

⇨ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# पूर्वांचल के रेल यात्रियों के लिए राहत भरी खबर, गोरखपुर के रास्ते आजमगढ़ से बहराइच के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**गोरखपुर।** बहराइच तक की यात्रा करने वाले पूर्वांचल के लोगों के लिए राहत भरी खबर है। अब वे रेलमार्ग से भी सीधे बहराइच तक का सफर पूरा कर सकेंगे। पूर्वोत्तर रेलवे ने गोंडा यार्ड रिमाडलिंग के बाद बहराइच तक ट्रेनों का संचालन शुरू कर दिया है। रेलवे प्रशासन ने शुरुआत में गोरखपुर के रास्ते आजमगढ़ से बहराइच के बीच चार से छह फरवरी तक तीन फेरा में स्पेशल ट्रेन चलाने की घोषणा की है। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह के अनुसार 05192/ 05191 नंबर की स्पेशल ट्रेन में साधारण द्वितीय श्रेणी के 12 कोच लगाए जाएंगे। 05192 नंबर की आजमगढ़- गोरखपुर- बहराइच स्पेशल 04, 05 एवं 06 फरवरी को सुबह 06:00 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन मऊ, इंदारा, बेल्थरारोड, सलेमपुर, भटनी, देवरिया होते हुए गोरखपुर से 11.25 बजे छूटकर आनंदनगर, सिद्धार्थनगर, बढ़नी, गोंडा के रास्ते शाम 05.05 बजे बहराइच पहुंचेगी। 05191 नंबर की बहराइच- गोरखपुर- आजमगढ़ स्पेशल 04, 05 एवं 06 फरवरी को शाम 06:15 बजे रवाना होगी। यह ट्रेन गोंडा, बलरामपुर, तुलसीपुर, सिद्धार्थनगर, आनंदनगर होते हुए रात 12.40 बजे गोरखपुर से छूटकर देवरिया, भटनी, मऊ के रास्ते दूसरे दिन सुबह 04.45 बजे आजमगढ़ पहुंचेगी। सर्विस चार्ज (सेवा शुल्क) के मद में नगर निगम का पूर्वोत्तर रेलवे पर बकाया 22 करोड़ 56 लाख 67 हजार 418 रुपये हो गया है। महानगर के 11 बकायेदार विभागों में पूर्वोत्तर रेलवे टाप पर है। अन्य 10 विभागों पर पांच करोड़ 62 लाख 72 हजार 878 रुपये बकाया है। नगर आयुक्त अविनाश सिंह ने कर अधीक्षकों और कर निरीक्षकों के साथ बैठक कर सेवा शुल्क की रकम जमा कराने के लिए विभागों में जाने को कहा है। नगर आयुक्त ने हर हाल में रुपये जमा कराने के निर्देश दिए हैं। कर अधीक्षकों ने बताया कि सेवा शुल्क जमा करने के लिए विभागों को कई बार पत्र लिखा गया लेकिन कोई कुछ नहीं कर रहा है। रेलवे से रुपये नहीं मिल रहे हैं। इस दौरान मुख्य कर निर्धारण अधिकारी असीम रंजन, बीके लाल आदि मौजूद रहे।



# दो दिन पूर्व युवती की मौत के मामले में मृतका के पिता की तहरीर पर हुआ मुकदमा दर्ज

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**डाला सोनभद्र।** स्थानीय डाला पुलिस चौकी क्षेत्र के डाला बाड़ी में दो दिन पूर्व दुपट्टे के सहारे लटकता मिला युवती के शव के मामले को लेकर पुलिस ने बुधवार की देर शाम मृतका के पिता की तहरीर पर प्लांट की मुँशी व उसकी पत्नी पर मारपीट व हत्या का मुकदमा दर्ज कर दिया प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को दोपहर के करीब डाला पुलिस चौकी क्षेत्र डाला बाड़ी में एक विवाहिता युवती का शव उसके घर के पीछे बाँस की बल्ली में दुपट्टे के सहारे लटकता शव मिला था।जिसको लेकर मृतका के पिता बाबूलाल निषाद निवासी बाड़ी ने पुलिस अधीक्षक के यहाँ दिये तहरीर में आरोप लगाया है कि राधा स्वामी क्रेसर प्लांट का मुँशी और मुँशी की पत्नी उसके घर में घूस कर उसकी पुत्री रेशमा को मारपीट कर उसकी हत्या कर शव को लटका कर भाग गये।चोपन पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बुधवार की देर शाम धारा 452,323 व 302 के तहत सतीश उपाध्याय व सतीश की पत्नी के विरूद्ध मारपीट व हत्या का मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# वैल्यूज कार्य के प्रति हमेशा प्रेरणा प्रदान करते हैं

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** आदित्य बिरला ग्रुप द्वारा प्रत्येक वर्ष फरवरी माह में वैल्यूज माह के रूप में मनाया जाता है इसी क्रम में संस्थान परिसर के केमिकल्स लैब लान से एकत्रित सभी






अधिकारी एवं कर्मचारी वैल्यूज माह का आगाज़ करते हुए फ्लैग ,बैनर, पोस्टर हाथ में लिए हुए प्लांट मेन गेट से होते हुए टी टी म डी सी परिसर में पहुंच कर रेनूसागर पावर डिवीजन प्रमुख के पी यादव ,मैंटीनैंस प्रमुख संजय सिंह ,मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह, सञ्चालन विभाग प्रमुख गुलसन तिवारी सहित बरिष्ठ अधिकारियो , कर्मचारियों एवं मान्यताप्राप्त श्रमिक संगठनो के पदाधिकारिय के साथ गुब्बारे उड़ाकर वैल्यूज माह का आगाज़ किया। तत्पश्चात टी टी ?म डी सी गैलरी हाल में कार्यकर्म आयोजित किया गया, कार्यक्रम का शुभारम्भ हिंडालको रेनूसागर पावर डिविजन के अध्यक्ष ऊर्जा के पी यादव ने केक काटकर किया तथा कहा कि वैल्यूज हमारे जीवन में बहुत महत्व रखते हैं एवं कार्य के प्रति हमेशा प्रेरणा प्रदान करते हैं ,हम हमेशा अपने परिवार व समूह के वैल्यूज को सदैव अपने मन में रखकर ही कोई कार्य करते है उन्होंने कहा कि हमें आगे आने वाले कई वर्षो तक इसी प्रकार प्रगति पथ पर निर्बाध आगे बढ़ने के लिए अपने मूल्यों से आगे बढ़ कर सोचना व करना होगा। इसी क्रम में मानव संसाधन प्रमुख ने कहा की हर कर्मचारी के मन में वैल्यूज जैसे निष्ठा ,कमिटमेंट आदि समाहित होना चाहिए तभी कर्मचारी अपने जीवन एवं कार्यस्थल पर सफल रहेगा। इस अवसर पर संजय सिंह,शैलेश सिंह, गुलसन तिवारी ,मनु अरोरा ,परेश ढोले ,अनिल सिंघनिया ,ललित खुराना , मनीष सिंह , समीर आनंद सदा नन्द पांडेय राजश्री सेन सहित मान्यता प्राप्त यूनियन के गीता प्रसाद वैश्य ,अरुण कुमार, विजय कुमार, अमित सिंह आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का सफल संचालन व समापन मानव संसाधन विभाग के हितेंद्र झा ने किया तथा बताया कि पूरे माह वैल्यूज पर आधारित क्विज , लघु नाटिका ,स्लोगन आदि का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश्वरी सेन लक्ष्मी नारायण मिश्रा एवं गोपाल मुखर्जी का सराहनीय योगदान रहा।

# 15 साल बाद कोर्ट ने सुनाया पक्ष मे फैसला

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** आपको बताते चले कि 15 साल पहले स्वर्गीय राम किशुन शाही का प्रेस सं 1984 मे औडी थाने से पचास मीटर की दूरी पर था।जो जमीन्ह्मकान था वह आबादी दर्ज बैनामा शुदा भूमि थी , वही बगल का निवासी राम गोविंद गलत मनसूबे के साथ उनके घर एव प्रेस को तोड कर सामान लूट ले गये। इस कृत्य मे सामिल राम गोविंद, निवासी औडी (लाले) उर्फ राकेश बैसवार, उदास राम,पुत्र रामगोबिन्द एवं विद्या मिस्री जिसने साथ मिल कर इस कृत्य को अंजाम दिया और विवादित सम्पति पर कब्जा किया विवादित समाप्ति सभी आगे की दुकाने तोड गयी साथ ही प्रेस की सभी मशीनरीज घरेलू सामान बाकि अन्य समान गायब कर दिया गया यही नहि हाइकोर्ट से पक्ष मे हुए फैसले को एव पेपर छुपाकर राम गोविंद ने सिविल दुद्धी मे केश फाइल किया और धोखे से एव फर्जी तरिके से परेसान भी किया तकरीबन पन्द्रह साल के बाद कोर्ट ने सुनाया फैसला एव 427 के तहत भा0द0स0 मे दोषी पाया गया अभियुक्त द्वारा कारित अपराध की तथ्य एव परिस्थितयो कि दृष्टिगत किया गया। न्यायालय के द्वारा अभियुक्त रामगोबिन्द लाले उदास को विधा को आ0 धारा 392 भा0 द0स0 मे तीन तीन वर्ष के कठोर कारावास एव 2000/ 2000रू का अर्थदण्ड से एव 427 भ0द0स0मे 6,6 माह की का कारावास एव 500/500रूपय अर्थदण्ड दिया गया।



# पाक्सो एक्टः दोषी धनंजय सिंह को उम्रकैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** 9 वर्ष पूर्व दो सगी बहनों का अपहरण व दुष्कर्म के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने वृहस्पतिवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर दोषी धनंजय सिंह को उम्रकैद एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अर्थदंड की समूची धनराशि दोनों पीड़िताओं को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक दुद्धी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अनपरा थाने में 27 जनवरी 2014 को दी तहरीर में अवगत कराया था कि उसकी दो बेटियां जिनकी उम्र क्रमशः 18 वर्ष व 10 वर्ष है। जो 25 नवंबर 2013 से लापता हैं। ये दोनों अनपरा क्षेत्र से घर गई थी और घर से अनपरा के लिए निकली थी, लेकिन उनका पता नहीं चला। बाद में पता लगाने पर जानकारी हुई कि बिहार प्रांत के जिला समस्तीपुर अंतर्गत थाना पटोरी के बेरी बिसनपुर गांव निवासी धनंजय सिंह पुत्र स्वर्गीय रामलेखा सिंह जो अनपरा डी प्लांट में बिजली मैकेनिकल में कार्य करता है उसकी बेटियो को शादी के लिए बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचना के दौरान पुलिस ने दोनों पीड़िताओं को बरामद किया और पीड़िताओं का बयान लेने के बाद धारा में बढ़ोत्तरी की गई। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी धनंजय सिंह को उम्रकैद एवं 50 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि दोनो पीड़िताओं को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# आचार्य शुक्ल ने हिंदी साहित्य को बड़ा योगदान दिया- सुरेश चंद्र

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के तत्वावधान में आचार्य शुक्ल की 82 वीं पुण्यतिथि उनके बरौधा कचार स्थित पार्क में मनायी गयी। मुख्यअतिथि संयुक्त विकास आयुक्त सुरेश चंद्र मिश्र ने आचार्य शुक्ल की मूर्ति पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। उन्होंने कहाकि आचार्य शुक्ल ने आजीवन हिंदी साहित्य की सेवा की और बड़ा योगदान दिया। हम ऐसे मनीषी की पुण्यतिथि मना रहे हैं जो हमारे लिए सौभाग्य की बात है। अध्यक्षता कर रहे भोलानाथ कुशवाहा ने कहाकि आचार्य शुक्ल का



नाम आज साहित्य जगत में बहुत आदर के साथ लिया जाता है क्योंकि उन्होंने अपनी प्रतिभा के बल पर हिंदी साहित्य को बहुत कुछ दिया है। उन्होंने कहा कि जनपद में स्थापित होने वाले विश्वविद्यालय का नाम आचार्य रामचंद्र शुक्ल विंध्य विश्वविद्यालय' रखा जाय। राजेंद्र त्रिपाठी उर्फ लल्लू तिवारी ने कहाकि आचार्य शुक्ल जीवन पर्यन्त हिंदी साहित्य के विकास के लिये प्रयत्नशील रहे।यही कारण है कि आज हिंदी पूरे विश्व में अलख जगा रही है। अनुज प्रताप सिंह ने कहाकि हिंदी साहित्य में आचार्य शुक्ल का अद्वितीय स्थान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। वरिष्ठ समाजसेवी जयराम वर्मा ने कहाकि उन्होंने हिंदी साहित्य का इतिहास लिख कर एक बड़ा काम किया है जो आज भी प्रासंगिक है। आचार्य रामचंद्र शुक्ल स्मारक शिक्षण संस्थान के प्रबंधक राकेश चंद्र शुक्ल ने आचार्य शुक्ल के जीवन यात्रा के महत्वपूर्ण विंदुओं की चर्चा करते हुए कहाकि उनका लेखन मनोवैज्ञानिक रहा है। उन्होंने आचार्य शुक्ल को अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्थान के प्रधानाचार्य आशीष चंद्र शुक्ल ने अतिथियों का स्वागत किया। इस दौरा आयोजित कविगोष्ठी में भोलानाथ कुशवाहा, डॉ अनुराधा ओस,आनंद अमित,इम्तियाज अहमद गुमनाम,हौसिला प्रसाद मिश्र,केदारनाथ सविता,अमरनाथ सिंह आदि ने काव्य पाठ किया।कार्यक्रम का संचालन इंद्रजीत शुक्ल ने किया।इस अवसर पर ,राम प्रवेश यादव, शोभनाथ भारती,रमेश चंद्र दुबे,अशोक सिंह,श्रीधर जी उपाध्याय,अंतित श्रीवास्तप्व, अभिनव त्रिपाठी,महिधर पति त्रिपाठी,अथर्व त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।

# फिर करेंगे अपील; नहीं माने तो लगेगा जुर्माना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** प्रशासन के निर्देश पर सभी नगर निकायों में तीन चरणों में दस तक डोर-टू-डोर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए राज्य मिशन निदेशक नेहा शर्मा की ओर से प्रदेश के सभी नगर आयुक्त व ईओ को पत्र भेजा गया है। इस क्रम में नगर के सभी 38 वार्डों के सफाई निरीक्षकों, सफाई नायकों को निर्देश दिया गया है कि वह ट्रिपल पी (प्रार्थना, अनुनय व जुर्माना) के आधार पर वार्डों में अभियान चलाएं। पहला चरण 1 फरवरी से 15 फरवरी तक चलाया जाएगा जिसमें लोगों को दुर्गंध मुक्त वातावरण, संक्रामक रोगों से बचाव, स्वच्छ गली-स्वच्छ मोहल्ला सहित बेहतर जीवन स्तर के बारे में अवगत कराया जाएगा।

# मुंबई के अस्पताल में छानबे विधायक राहुल प्रकाश कोल का निधन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मीरजापुर।** मीरजापुर विकास खण्ड क्षेत्र अंतर्गत पटेहरा कला



निवासी सांसद सोनभद्र पकौड़ी लाल कोल के ज्येष्ठ पुत्र विधायक छानबे राहुल प्रकाश कोल कैंसर का युद्ध हार कर गुरुवार 10 बजे सुश्रुत हास्पिटल बॉम्बे में अंतिम सांस लिए उनकी मौत हो गई मौत की खबर सुनते ही घर मे कोहराम मच गया विधायक के साथ पिता सांसद सोनभद्र पकौड़ी लाल कोल, छोटा भाई प्रमुख प्रतिनिधि जग प्रकाश कोल पत्नी रिंकी सिंह साथ मे रहे। वे बॉम्बे से एयरपोर्ट बाबतपुर शाम तक पहुंचेंगे। खबर लिखे जाने तक एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह क्षेत्राधिकारी मड़िहान अनिल कुमार पांडेय थानाध्यक्ष संतनगर कमल टावरी मय फोर्स विधायक के आवास पर पहुंचे थे।

# 20फ़रवरी को लखनऊ महासम्मेलन लेकर रॉबर्ट्सगंज ब्लाक की बैठक संपन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।**आदर्श समायोजित शिक्षक/शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन की एक बैठक कंपोजिट विद्यालय हिंदूआरी में जिलाध्यक्ष वकील अहमद खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। रॉबर्ट्सगंज ब्लाक के कार्यकारिणी का गठन किया प्रभारी, रामबहाल को ब्लाक प्रवक्ता, कमलेश कुमार मौर्य को ब्लाक संयुक्त मंत्री, कमालुद्दीन को ब्लाक उपाध्यक्षसूबेदार को ब्लाक संगठन मंत्री, सर्वसम्मति से मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष श्री खान ने कहा कि संघर्ष की इस घड़ी में अपनी



गया । कृपाल राम दुबे को ब्लॉक अध्यक्ष शांतेश्वर तिवारी को ब्लाक महामंत्री, महिला मोर्चा की ब्लाक अध्यक्ष सुमन चतुर्वेदी को सतेन्द्र पाण्डेय को ब्लाक संरक्षक, इस्ताक अली को ब्लाक वरिष्ठ उपाध्यक्ष, धर्मवीर राव को ब्लाक उपाध्यक्ष, मनोज भारती को ब्लाक कोषाध्यक्ष अभय मालवीय को ब्लाक मीडिया ताक़त और उर्जा को सक्रिय करें हतोत्साहित न हो क्योंकि हिम्मत और हौसला मुश्किल को आसान कर देते हैं उन्होंने बताया कि आप लोग पूरी जी जान से कार्यक्रम को सफल बनाने में जुट जाएं एक एक शिक्षामित्र से संपर्क करके लखनऊ चलने हेतु प्रेरित करें कोई भी शिक्षामित्र लखनऊ जाने से वंचित ना रहे आप की एकता ही इस लड़ाई को अंतिम मुकाम तक ले जा सकती है जैसा कि आपको विदित है कि कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री श्री कौशल किशोर जी व उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा मंत्री माननीय श्री संदीप सिंह जी प्रतिभाग कर रहे हैं। यह 2017 के बाद पहला अवसर है कि सरकार का कोई मंत्री हमारे बीच आ रहा है मतलब कुछ अच्छा होने की संभावना है इस अवसर को किसी भी कीमत पर हाथ से ना जाने दे। अतः जनपद के समस्त शिक्षामित्रों से अपील है कि अपने परिवार के साथ 20फ़रवरी को लखनऊ की धरती पर कूच करें। जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अरविन्द सिंह ने कहा कि कार्यकारिणी के सभी सदस्य अपनी अपनी योजना तैयार कर लें किसी भी प्रकार की शिथिलता न बरतें इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाएं। ब्लाक अध्यक्ष कृपाल राम दुबे ने कहा कि ब्लाक के सभी शिक्षामित्र कमर कस लें हमें जो कुछ मिला संघर्ष के बल पर मिला यह ऐतिहासिक सम्मेलन शिक्षामित्रों का दिशा और दशा तय करेगा। संचालन संदीप सिंह ने किया। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष करमा भोला नाथ, ब्लाक अध्यक्ष चतरा नीरज सिंह, ब्लाक कोषाध्यक्ष करमा परमेश्वर, गुप्त नाथ सिंह, पार्वती देवी, गुल्लू प्रसाद मनोज सिंह, कमलेश कुमार सिंह, आदि दर्जनों लोग उपस्थित थे।

# पाक्सो एक्टः दोषी राम आधार को 3 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** साढ़े पांच वर्ष पूर्व घर में घुसकर 14 वर्षीय नाबालिक लड़की के साथ हुए छेड़छाड़ के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश / विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट सोनभद्र निहारिका चौहान की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोष सिद्ध पाकर दोषी राम आधार यादव उर्फ छन्नू यादव को 3 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। वहीं कोर्ट ने दो आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। अर्थदंड की समूची धनराशि 10 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक शाहगंज थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने 28 अक्तूबर 2017 को थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया था कि 2 सितंबर 2017 को रात्रि करीब 9 बजे जब वह अपने खेत पर चला आया था और उसकी 14-15 वर्षीय नाबालिग बहन घर पर अकेली थी। उसी समय शाहगंज थाना क्षेत्र के बरसोत गांव निवासी राम आधार यादव उर्फ छन्नू यादव पुत्र शिव शरण यादव उसके घर में घुस गया और उसकी नाबालिग बहन के साथ उसका हाथ पकड़ कर छेड़खानी करने लगा। जब उसकी बहन चिल्लाने लगी तो शोरगुल की आवाज सुनकर उसकी चाची व वह खुद आ गया। तब तक राम आधार यादव व उसके दो अन्य साथी जो दरवाजे पर खड़े थे धमकी देते हुए भाग गए। दूसरे दिन सुबह भी उसे जान मारने की धमकी देते हुए मारा पीटा। इस तहरीर पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया। विवेचक ने पर्याप्त सबूत मिलने पर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी राम आधार यादव उर्फ छन्नू यादव को 3 वर्ष की कैद एवं 10 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 3 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। कोर्ट ने दो अन्य आरोपियों को साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त करार दिया। वहीं अर्थदंड की समूची धनराशि 10 हजार रूपये पीड़िता को मिलेगी। अभियोजन पक्ष की तरफ से सरकारी वकील दिनेश कुमार अग्रहरी, सत्य प्रकाश त्रिपाठी एवं नीरज कुमार सिंह ने बहस की।

# राशिफल





**मेष-:**अपने मित्र के साथ हुई गलतफहमी को शीघ्र सुलझाएं। अधिक विवाद से आप दोनों के संबंधों को हानि होगी। प्रमोशन होगा और सैलेरी भी बढ़ सकती है।

**वृष-:**व्यापार में अच्छा लाभ का योग आज बन सकता है। आप अपने साझेदार के साथ अच्छे व्यवहार के कारण अपने व्यापार को नई गति देंगे।

**मिथुन-:**आज आपका दिन शानदार रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आप थोड़ी-सी मेहनत करके अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं।

**कर्क-:**कर्क राशि वाले आज एक नई शुरुआत कर सकते हैं। सामाजिक रूतबा मिल सकता है। घर-परिवार या पड़ोस में कोई कठिन परिस्थिति बने तो सकारात्मक रहें।

**सिंह-:**आपके लिए आज का दिन काफी अनुकूल रहने की संभावना दिखाई दे रही है। परिवार के लोगों का तालमेल आपको आगे बढ़ने का हौसला देगा।

**कन्या-:**आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। आपको शाम तक किसी समारोह में शामिल होने का मौका मिलेगा। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा।

**तुला-:** आज आपकी योग्यता में वृद्धि होगी। जल्दबाजी और जोखिम भरे कामों से दूर रहें। ऐसा कोई गैरज़िम्मेदाराना काम न करें जिसके लिए बाद में आपको पछताना पड़े।

**वृश्चिक-:**छात्रों के लिए दिन अनुकूल है क्योंकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। जमीन-जायदाद संबंधी कार्य स्थगित करना आपके हित में रहेगा।

**धनु-:**यदि आप मानसिक रूप से तनाव को अपने ऊपर हावी होने देंगे तो आपको परेशानियां होंगी, अन्यथा स्थिति बढ़िया भी हो सकती है।

**मकर-:** करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की अनुभूति होगी। किसी जरूरी काम के बेहतर परिणाम मिलेंगे।

**कुंभ-:**आज आप अपनी नयी सोच से अपने कार्यक्षेत्र में बहुत ही उन्नति हासिल करेंगे। आज आपका नए लोगों से संपर्क होगा और नए लोगों से मित्रता होगी।

**मीन-:**आपके लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा और आने वाला दिन भी आज पर निर्भर करेगा, क्योंकि आज आपको कुछ ऐसे काम निपटाने हैं जो कि लंबे समय से अटके हुए हैं।




# लूट के चार दोषियों को 3-3 वर्ष की कैद

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** 16 वर्ष पूर्व औड़ी मोड़ अनपरा स्थित ऊर्जांचल वाणी समाचार पत्र कार्यालय में तोड़फोड़ कर लूटपाट किए जाने के मामले में अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट विनीता सिंह की अदालत ने बुधवार को सुनवाई करते हुए दोषसिद्ध पाकर 4 दोषियों रामगोविंद, लाले, उदास व विद्या मिस्त्री को 3- 3 वर्ष की कैद एवं ढाई- ढाई हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर एक-एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के तुर्रा निवासी रामकिशुन शाही पुत्र मोहर शाही जो ऊर्जांचल वाणी समाचार पत्र के संपादक हैं ने न्यायालय में दाखिल धारा 156(3) दंड प्रक्रिया संहिता के तहत प्रार्थना पत्र में अवगत कराया था कि उसका प्रेस कार्यालय व दुकान अनपरा थाना क्षेत्र में औड़ी मोड़ वीना रोड में स्थित है। इधर कई दिनों से वे बीमार व अस्वस्थ्य चल रहे हैं। एक नवंबर 2006 को 11 बजे दिन अनपरा थाना क्षेत्र के औड़ी निवासी रामगोविंद पुत्र बबई, लाले पुत्र रामगोविंद, उदास पुत्र रामगोविन्द व विद्या मिस्त्री पुत्र लक्ष्मण अपने साथ कुछ अन्य व्यक्तियों को लेकर प्रेस कार्यालय व दुकान का बरामदा तथा पीलर तोड़कर नुकसान पहुंचाने लगे। जब फोटोग्राफर विकास ने फोटो खींचना चाहा और उन लोगों को मना करने लगा तो सभी मिलकर विकास को झापड़ मुक्का से मारपीट कर उसका कैमरा, मोबाइल व 300 रूपये जबरन छीन लिया। इस संदर्भ में थाना और उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिया,लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। घटना 7 नवंबर 2006 की शाम 4 बजे की है। रामगोविंद, विद्या मिस्त्री, लाले व उदास अपने साथ 8-10 व्यक्तियों को लेकर सबल, गैता, कुल्हाड़ी, डंडा, ट्रैक्टर, जेसीबी मशीन आदि लेकर आए और प्रेस कार्यालय व दुकान का पीलर आदि सामान तोड़कर प्रेस कार्यालय व दुकान का सारा सामान उठा ले गए। इस घटना को आसपास के लोगों ने देखा और टेलीफोन से सूचना दिया। रात्रि में ही थाने को फोन से सूचना दिया। दूसरे दिन सुबह मौके पर गया तो आसपास के लोगों ने सही जानकारी दी तो उच्चाधिकारियों को सूचना दिया। इतना ही नहीं 6 नवंबर 2006 को जनपद एवं सत्र न्यायाधीश सोनभद्र ने यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया था, बावजूद इसके घटना को अंजाम दिया गया है। करीब 3 लाख रूपये की नुकसानी हुई है। कोर्ट ने अनपरा थानाध्यक्ष को एफ आई आर दर्ज कर विधि अनुरूप विवेचना का आदेश दिया था। विवेचक ने न्यायालय में 14 सितंबर 2007 को अंतिम रिपोर्ट प्रेषित किया। जिसपर प्रोटेस्ट प्रार्थना पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने उसे स्वीकार कर लिया। उसके बाद धारा 200 सिआरपीसी के तहत रामकिशुन शाही का बयान, 202 सिआरपीसी के तहत 5 गवाहों विजय चौहान, रामबरन, गिरजेश सिंह, साहब सिंह व हाकिम सिंह का बयान दर्ज किया गया। अदालत ने 3 नवंबर 2009 को अभियुक्तगण को तलब किया था। इसी मामले में अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर चारो दोषियों रामगोविंद, लाले, उदास व विद्या मिस्त्री को 3-3 वर्ष की कैद एवं ढाई - ढाई हजार रूपये अर्थदंड, अर्थदंड न देने पर एक -एक माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी।

# इरफान पठान ने कोहली को दिया सुझाव, कहा स्पिनरों के खिलाफ थोड़ा और आक्रामक होकर खेलें

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान ने विराट कोहली को स्पिन को खेलने को लेकर सुझाव दिया है। पठान का मनाना है कि नागपुर में 9 फरवरी से शुरू होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए विराट कोहली, नाथन लियोन की अगुआई वाली उनका टेस्ट क्रिकेट में फॉर्म वापस नहीं आया है। पठान ने स्टार स्पोर्ट्स के एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान कहा, ठमुझे पता है कि हम यहां टेस्ट क्रिकेट के बारे में बात कर रहे हैं, लेकिन कभी-कभी उन्हें स्पिन के खिलाफ थोड़ा अधिक आक्रामक होना चाहिए। यह आपको उस मुकाबले में बेहतर बना सकता मैचों की सीरीज के लिए भारत और ऑस्ट्रेलिया 2021 की सीरीज के बाद नागपुर, नई दिल्ली, धर्मशाला और अहमदाबाद में मैदान में उतरेंगे। पठान ने कहा, मुझे लगता है कि दबाव निश्चित रूप से है, लेकिन ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों में से एक के खिलाफ खेलना बहुत रोमांचक है। क्योंकि



ऑस्ट्रेलियाई स्पिनरों के खिलाफ कुछ और आक्रामक होने की कोशिश कर सकते हैं। कोहली सीमित ओवरों के क्रिकेट में फॉर्म में लौट आए हैं, फिर भी दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ सीरीज के साथ-साथ श्रीलंका के खिलाफ घरेलू सीरीज के दौरान स्पिनरों के खिलाफ उनकी कमियों से पार नहीं पा पाए हैं। साथ ही है, जब आप नाथन लियोन जैसे खिलाड़ियों का सामना कर रहे हों। भारतीय टीम के पूर्व बल्लेबाजी कोच संजय बांगर यह देखने के इच्छुक हैं कि तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सीरीज में कैसा प्रदर्शन करते हैं। पठान ने आगे बताया कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के लिहाज से बहुत खास होगी। बता दें कि चार टेस्ट जब मैंने अपना पहला मैच ऑस्ट्रेलिया में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था, तो वह चैंपियन टीम थी। पठान ने आगे बताया, ठमैं यह नहीं भूल सकता कि हमने 21 साल बाद वह टेस्ट मैच जीता था। इस तरह का इतिहास आप बनाते हैं, जो आपके साथ हमेशा रहता है। इसलिए मुझे लगता है कि वे खिलाड़ी भी ऐसा करना चाह रहे होंगे।

# पिता के 100 रुपये की शर्त लगाने से लेकर सारा से अफेयर तक, ऐसा है शुभमन गिल की कहानी


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** शुभमन गिल भारत क्रिकेट टीम के नए सितारे बन गए हैं। टेस्ट हो वनडे हो या फिर फॉर्मेट में शतक लगाया है। शुभमन गिल के दमदार बल्लेबाज बनने से पहले कहानी बड़ी रोचक है। आज हर कोई उनकी कहानी जानना



टी20 मैच, हर जगह अपनी छाप छोड़ रहे। शुभमन गिल ने बुधवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में अपना पहला शतक लगाया। शतक पूरा करते ही शुभमन गिल पांचवें बल्लेबाज बने, जिन्होंने तीनों चाहता है। शुभमन गिल के मुताबिक, उनका परिवार खेती पर निर्भर था, लेकिन सारे खेत गांव में थे और उनकी प्रैक्टिस चंडीगढ़ में ही मुमकिन हो पाती थी। शुभमन गिल की प्रैक्टिस को कोई नुकसान न हो उनके पापा ने बड़ा फैसला किया और चंडीगढ़ शिफ्ट गए हैं। शुभमन के मुताबिक, इससे खेती पर असर पड़ा। उनके पिता चंडीगढ़ से खेती करने गांव जाते थे। शुभमन गिल बताते हैं कि उनके खेल में उनके पिता ने बहुत योगदान दिया है। उनके पापा बॉलर्स को चैलेंज देते थे कि जो शुभमन गिल को आउट करेगा, उसे 100 रुपये इनाम मिलेगा। शुभमन गिल को युवराज सिंह का भी सपोर्ट मिला। हरभजन सिंह ने भी उन्हें बहुत कुछ सिखाया। लॉकडाउन के दौरान शुभमन गिल की युवराज सिंह ने काफी मदद की अंडर-19 विश्व कप जीतने के बाद शुभमन गिल लाइम लाइट में आए। उन्हें घरेलू क्रिकेट रनों की बारिश कर दी। इतना ही नहीं अपने स्टाइलिश लुक के चलते वह क्रिकेट फैंस के दिलों पर राज करने लगे। उनका नाम सचिन तेंदुलकर की बेटे सारा तेंदुलकर से भी जुड़ा। दोनों के बीच अफेयर्स की खबरें आईं। हालांकि, दोनों ने कभी इस पर बात नहीं की। अब शुभमन गिल का नाम बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान के साथ जोड़ा जा रहा है।

# टी20 विश्व कप के लिए वेस्टइंडीज टीम में शामिल फिनटेस पर संशय बरकरार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** वेस्टइंडीज की अनुभवी ऑलराउंडर स्टैफनी टेलर को दक्षिण अफ्रीका में होने वाले आगामी महिला टी20 विश्व कप के लिए टीम में शामिल किया गया है। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने कहा, उनकी भागीदारी



फिटनेस पर निर्भर करेगी बता दें कि स्टैफनी टेलर पीठ की चोट के कारण टीम से बाहर चल रही थीं। जोहान्सबर्ग में एक विशेषज्ञ द्वारा स्टैफनी टेलर की पीठ की चोट का आकलन किया। विशेषज्ञ ने कहा, उन्होंने अधिक उपचार के लिए केप टाउन आईं हैं। शुक्रवार को टीम के आगमन से पहले उन्होंने प्रैक्टिस शुरु कर दी है।सीडब्ल्यूआई ने कहा, क्रिकेट वेस्टइंडीज मेडिकल टीम स्टैफनी का समर्थन और देखभाल करना जारी रखेगी और हम आईसीसी महिला टी20 विश्व कप में भाग लेने के लिए पूर्ण फिटनेस पर लौटने के उनके प्रयासों के लिए शुभकामनाएं देते हैं लीड चयनकर्ता एन ब्राउन-जॉन ने कहा, जेनाबा एक बल्लेबाजी ऑलराउंडर है और त्रिशन एक शक्तिशाली स्ट्राइकर और विकेटकीपिंग विकल्प भी है। उन्होंने साबित किया है कि वे इस स्तर पर अपनी पकड़ बना सकते हैं। हमारा मानना है कि 15 खिलाड़ियों में एक अच्छा ऑलराउंड मिश्रण है और हम उनसे सक्षम होने की उम्मीद करते है टी20 विश्व कप के लिए केप टाउन में न्यूलैंड्स, पार्ल में बोलैंड पार्क और गेकेबेरा में सेंट जॉर्ज पार्क टूर्नामेंट के मेजबान स्थल हैं। वेस्टइंडीज, अपने पिछले 13 टी20 में जीत नहीं पाया। 11 फरवरी को पार्ल के बोलैंड पार्क में इंग्लैंड के खिलाफ अपने टी20 विश्व कप अभियान की शुरूआत करेगा। फाइनल 26 फरवरी को केपटाउन में होगा वेस्टइंडीज टीम : हेले मैथ्यूज (कप्तान), शेमेन कैंपबेल (उप-कप्तान), आलिया एलीने, शामिलिया कोनेल, अफी फ्लेचर, शबिका गजनबी, चिनले हेनरी, ट्रिशन होल्डर, जैदा जेम्स, जिनाबा जोसेफ, चेडियन नेशन, करिश्मा रामहरैक, शकीरा सेलमैन, स्टैफनी टेलर और रशादा विलियम्स।

# राशिद खान जैसी गेंदबाजी करने की क्षमता इस खिलाड़ी में, सुरेश रैना ने की भारतीय गेंदबाज की तारीफ

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने युवा लेग स्पिनर रवि बिश्नोई की बॉलिंग की तारीफ की है। सुरेश रैना को लगता है कि देखा है। वह केवल 30-45 मिनट का लंच ब्रेक लेते हैं। वह पूरी तरह से क्रिकेट को समर्पित हैं। भारत के पूर्व बाएं हाथ के तेज गेंदबाज आरपी सिंह ने बाएं हाथ के सलामी



रवि बिश्नोई भविष्य में अफगानिस्तान के लेग स्पिनर राशिद खान की तरह बनने की क्षमता रखते हैं। रैना ने लीजेंड्स लाउंज कार्यक्रम में यह बात कही। रैना ने कहा, अगर आप सभी बड़े गेंदबाजों को देखें, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन किया है, तो मुझे लगता है कि बिश्नोई भविष्य में राशिद खान की तरह बन जाएंगे। बता दें कि बिश्नोई इंडियन प्रीमियर लीग में लखनऊ सुपरजाइंट्स के साथ हैं। वहीं, भारत के पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर प्रज्ञान ओझा को लगता है कि बाएं हाथ के बल्लेबाज तिलक वर्मा के पास बेहतरीन फॉर्म है। उन्होंने मुंबई इंडियंस के साथ आईपीएल 2022 में ब्रेकआउट किया था। ओझा ने कहा, वह हैदराबाद से हैं। मैंने बचपन से ही उनका प्रदर्शन बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को संभावित अगली पीढ़ी के बल्लेबाज के रूप में चुना, जो आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के लिए खेलते हैं। आरपी सिंह ने आगे कहा, यदि आप उसकी बल्लेबाजी को देखते हैं, तो आप कह सकते हैं कि उसके अंदर कुछ अलग है। उनके बारे में अच्छी बात यह है कि अगर वह 50 रन भी बना लेता है, तो वह आगे अपने 100 की ओर देख रहे होते हैं। पूर्व विकेटकीपर-बल्लेबाज पार्थिव पटेल अपनी पसंद के बल्लेबाज के लिए दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ और गुजरात टाइटन्स के गेंदबाज यश दयाल के बारे में बात करने का फैसला किया। पार्थिव पटेल ने कहा, जिस तरह से शॉ घरेलू मैचों में बल्लेबाजी कर रहा है, हम देख सकते हैं कि वह अच्छा खेलता है। गेंदबाजी के लिए मेरी पसंद यश दयाल हैं।

# एमएस धोनी बने पुलिस अधिकारी, फैंस बो रोहित शेट्टी के कॉप्स इनके आगे फीके

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** महान भारतीय कप्तान एमएस धोनी इंडियन प्रीमियर लीग 2023 के लिए नेट में खूब पसीना बहा रहे हैं। आए दिन इसकी तस्वारें और वीडियो वायरल हो रह हैं। अब उनकी एक और तस्वीर वायरल हो रही है। इसमें वह एक पुलिस अधिकारी के रुप में दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि धोनी सेना लेफ्टिनेंट कर्नर की मानद रैंक पर हैं। वायरल हुई तस्वीर एक विज्ञापन की बताई जा रही है। इस तस्वीर में धोनी पुलिस



अधिकारी बने हुए हैं। उनके साथ कुछ और पुलिस कर्मी दिखाई दे रहे हैं। इस तस्वीर पर क्रिकेट फैंस ने मजेदार कमेंट्स किए हैं। एक यूजर ने लोकप्रिय हिंदी फिल्मों के निर्देशक रोहित शेट्टी के कॉप यूनिवर्स का जिक्र करते हुए लिखा कि धोनी के सामने कॉप यूनिवर्स को कोई मौका नहीं मिलेगा।बता दें कि ट्विटर पर वायरल हुई तस्वीर को देख फैंस को आश्चर्य हुआ। फैंस को लगा कि आईपीएल के आगामी सत्र के विज्ञापन के लिए एक पुलिसकर्मी की भूमिका क्यों निभा रहे हैं। इस तस्वीर को सोशल मीडिया पर जमकर शेयर किया जा रहा है। धोनी आईपीएल के इतिहास में सबसे बड़े नामों में से एक हैं। माही ने अपनी कप्तानी में चेन्नई सुपर किंग्स को चार बार खिताब दिलाया है। गौरतलब हो कि धोनी, जो हाल ही में रांची में भारतीय टीम से मिले थे। हार्दिक ने धोनी से मुलाकात की एक तस्वीर शेयर की थी। जिसे क्रिकेट फैंस ने खूब सराहा था। बता दें कि आईपीएल के 16वें संस्करण में सुपर किंग्स का नेतृत्व करने के लिए वापसी करेंगे। धोनी ने पिछले साल रवींद्र जडेजा को कप्तानी सौंपी थी, लेकिन बाद में टीम प्रबंधन ने उन्हें फिर से कप्तान बना दिया था।

# महिला आईपीएल ऑक्शन की आ गई डेट, मुंबई में होगी खिलाड़ियों की नीलामी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** क्रिकबज के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को तारीख और स्थान पर निर्णय लेने में कुछ समय लिया। बीसीसीआई दूसरी तरफ महिला आईपीएल की बोली जीतने वाली कई फ्रेंचाइजियां पहले से ही कई सारे लीग में व्यस्त हैं फ्रेंचाइजियों ने बीसीसीआई से अनुरोध किया था कि घ्ऊथ्20 के



ने निर्णय लेने से पहले कुछ प्रमुख मुद्दों पर विचार किया। उनमें से एक शादी के कारण सुविधाजनक स्थान नहीं मिल पा रहा था। वहीं, फाइल के बाद नीलामी की तारीख रखी जाए। बीसीसीआई ने इस अनुरोध को स्वीकार कर लिया। वहीं, महिला टी20 विश्व कप को देखते हुए बीसीसआई ने महिला प्रीमियर लीग के लिए ऑक्शन 13 फरवरी को निर्धारित की है। ऑक्शन जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा बांद्रा-कुर्ला कॉम्पलेक्स में होगा ऑक्शन बता दें कि बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में स्थित जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर एक विशाल इमारत है, जो एक सांस्कृतिक केंद्र है, जिसमें एक साथ कई कार्यक्रम आयोजित किए जा सकते हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने पुष्टि की है कि बोर्ड प्रबंधक नीलामी को केंद्र में कराने का विकल्प तलाश रहे हैं। आईपीएल के एक सूत्र ने पुष्टि की है कि कन्वेंशन सेंटर में नीलामी होगी।गौरतलब हो कि अहमदाबाद में भारत और न्यूजीलैंड के निर्णायक मुकाबले से पहले बीसीसीआई ने भारतीय अंडर 19 महिला टीम को पुरस्कार दिया था। अंडर 19 टीम ने 29 जनवरी को इंग्लैड को हराकर अंडर 19 टी20 विश्व कप का खिताब जीता है।

# मुझे धोनी की भूमिका निभाने में कोई दिक्कत नहीं 'जीत के बाद हार्दिक ने अपने रोल का किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भारत ने अहमदाबाद में खेले गए तीसरे और निर्णायक मैच में न्यूजीलैंड को 168 रन से रौंदकर तीन मैचों की टी20 सीरीज को 2-1 से अपने नाम की। मैच के हीरो रहे शुभमन गिल ने 68



गेंद पर 126 रन की नाबाद पारी खेली। वहीं, गेंदबाजी में हार्दिक ने कमाल करते हुए 4 ओवर में 16 रन देकर 4 विकेट लिए। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 234 रन का विशाल स्कोर बनाया था। इसके जवाब में कीवी टीम 66 रन पर ही सिमट गई। हार्दिक पांड्या ने ना सिर्फ गेंदबाजी में कमाल किया, उससे पहले टीम के लिए 17 गेंद पर 30 रन की कैमियों पारी भी खेली। वह धोनी की तरफ नबंर पांच पर बल्लेबाजी करने आए। मैच खत्म होने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में हार्दिक ने कहा, ठमुझे उस भूमिका को निभाने में कोई दिक्कत नहीं है, जो कहीं न कहीं माही (धोनी) निभाते थे। उस समय, मैं युवा था और पार्क के चारों ओर मार रहा था, लेकिन जब से वह चले गए हैं। अचानक से यह जिम्मेदारी मुझ पर आ गई है। मुझे इससे कोई आपत्ति नहीं है। हमें परिणाम मिल रहे हैं। अगर मुझे थोड़ा धीमा खेलना है तो कोई बात नहीं। पांड्या ने कहा कि उनकी भूमिका उस भूमिका के समान है जिसे भारत के पूर्व कप्तान एमएस धोनी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद के टीम के लिए निभाया। हार्दिक ने कहा कि उन्हें टीम की आवश्यकता के अनुसार अपने खेल में बदलाव करना होगा। इसके अवाला पांड्या ने कहा, ठमैंने हमेशा छक्के मारने का आनंद लिया है, लेकिन मुझे अपने खेल में बदलाव करना होगा।

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ धमाल मचाने को तैयार रवींद्र जडेजा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 9 फरवरी से शुरू हो रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी से पहले भारतीय की के लिए बड़ी खुशखबरी आई है। ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (र्ग्रै) ने नागपुर में टेस्ट खेलने की मंजूरी दे में पूरी तरह से फिट नहीं होने के चलते उनका नाम वापस ले लिया गया था।बता दें कि हाल ही में जडेजा ने तमिलनाडु के खिलाफ सौराष्ट्र के लिए रणजी ट्रॉफी में हिस्सा लिया। उन्होंने मैंच में सात विकेट लिए। अपने प्रदर्शन से साबित किया की वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ



दी है। क्रिकबज के अनुसार बुधवार को रवींद्र जडेजा ने फिटनेस टेस्ट पास किया। जडेजा अब पूरी तरह से फिट हैं और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले टेस्ट मैच में खेलते हुए दिखाई दे सकते हैं गौरतलब हो कि जडेजा आखिरी बार अगस्त 2022 में दुबई में एशिया कप में भारत के लिए खेले थे। वहां घुटने की चोट के कारण उन्हें सर्जरी करवानी पड़ी थी, जिससे वह पांच महीने के लिए क्रिकेट के मैदान से बाहर हो गए थे। वह ऑस्ट्रेलिया में टी20 विश्व कप के लिए टीम में शामिल नहीं हो सके थे। हालांकि, उन्हें बांग्लादेश दौरे के लिए टीम में शामिल किया गया था, लेकिन बाद वह पूरी तरह तैयारा हैं। वहीं, मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर चोट के चलते पहले दो टेस्ट से टीम से बाहर हो गए हैं। अय्यर को पीठ की चोट के कारण न्यूजीलैंड सीरीज से बाहर कर दिया गया था वह ऑस्ट्रेलिया टेस्ट की शुरुआत से पहले फिट होने के लिए एनसीए को तुरंत रिपोर्ट किया था। अय्यर की फिटनेस स्थिति की निगरानी करने वालों ने अभी तक स्पष्ट रूप से उन्हें नागपुर टेस्ट में हिस्सा न लेने की सलाह दी है। वह बेंगलुरु में एनसीए में बने रहेंगे और दिल्ली में 17 फरवरी से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए उपलब्ध होने के लिए अपने रिहैब पर काम करेंगे।

# टूटे हाथ के साथ बल्लेबाजी करने पहुंच हनुमान बिहारी, फैंस ने किया सलाम

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**रणजी ट्रॉफी के क्वार्टर फाइनल मैच में आंध्र प्रदेश के हनुमा विहारी के जज्बे और जुनून की काफी चर्चा हो रही है। बता दें कि विहारी मध्यप्रदेश के खिलाफ खेले गए मैच में उनकी कलाई फ्रैक्चर आ गया था। ऐसे में दाएं हाथ फ्रैक्चर होने के बाद अब वह बाएं हाथ के बल्लेबाज बन गए और अपनी टीम के लिए बल्लेबाजी करने आए। उन्होंने अपनी पारी में दो चौके भी लगाए। करने क्रीज पर उतरे और उन्होंने टूटी क्लाई के कारण बाएं हाथ से विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक भी काफी प्रभावित हुए है। कि उन्हें पूरी तरह ठीक होने में 4 से 5 दिन लगेंगे। ऐसे में टीम मैनेजमेंट ने तय किया कि जरूरत पड़ने पर ही विहारी बल्लेबाजी करेंगे। जहां रिकी भुई ने (149) और करण शिंदे ने (110) रनों की तूफानी पारी खेली। लेकिन, इन दोनों के आउट होते ही आंध्र प्रदेश की टीम बिखर गई और ऐसे में विहारी को टूटी क्लाई के साथ ही बल्लेबाजी के लिए आना पड़ा और उनके इस बहादुरी को फैंस सलाम



विहारी के इस लगन को देखते हुए सोशल मीडिया पर फैंस उन्हें सलाम कर रहे है। दरअसल, रणजी ट्रॉफी (हरग् ऊेदज्ब्) के क्वार्टर फाइनल मैच में मध्यप्रदेश के खिलाफ टूटी हुई कलाई होने के बाद भी बैटिंग बल्लेबाजी कर महफिल लूट ली है। उन्होंने भले ही 27 रनों की पारी खेली, लेकिन जिस अंदाज से उन्होंने टूटी क्लाई के साथ बल्लेबाजी की वो वाकई काबिले तारीफ है। उनक पारी से भारतीय उन्होंने ट्वीट कर हनुमा विहारी को सलाम किया है। कार्तिक ने ट्वीट कर लिखा, बता दें कि इस मैच की पहली पारी में उन्होंने 37 गेंदों में16 रन बनाए थे। इसके बाद वह चोटिल हो गए। स्कैन के बाद पता चला कर रहे है। अगर बात करें हनुमा विहारी के टेस्ट करियर की तो बता दें उन्होंने 16 मैच खेलते हुए 839 रन बनाए है। वहीं, आईपीएल में कुल 24 मैच खेलते हुए 284 रन बनाए है।

# बीसीसीआई ने भारतीय महिला अंडर19 टीम को दिया पांच करोड़ का इनाम, टी20 विश्व कप जीत रचा है इतिहास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** साउथ अफ्रीका में हुए पहले महिला टी20 विश्व कप को जीत भारतीय अंडर19 महिला टीम ने इतिहास रचा दिया। फाइनल मैच में इंग्लैंड को हराकर भारत ने पहला खिताब अपने नाम किया। खिताब जीतने के बाद भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने 5 करोड़ रुपये देने की घोषणा की थी। उसी के तहत अहमदाबाद में बीसीसीआई अध्यक्ष, सचिव और सचिन तेंदुलकर की उपस्थिति में कप्तान शेफाली को चेक सौंपा गया। भारत और न्यूजीलैंड के बीच तीसरा और निर्णायक मैच अहमदाबाद में आयोजित किया गया। इस मैच से पहले बीसीसीआई



ने भारतीय महिला अंडर19 टीम को पांच करोड़ का ईनाम दिया। दरअसल, टीम ने अंडर19 विश्व कप में इंग्लैंड को हराकर इतिहास रचा है। अहमदाबाद में पहुंची अंडर19 टीम की कप्तान शेफाली वर्मा को बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी, सचिव जय शाह और मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और राजीव शुक्ला की मौजूदगी में पांच करोड़ का चेक दिया गया। इस दौरान सचिन ने कहा कि भारतीय महिला क्रिकेट का भविष्य उज्ज्वल है। सचिन ने कहा महिला आईपीएल से विश्व क्रिकेट में बदलाव आएगा। बता दें किइंग्लैंड ने अंडर-19 टी20 वल्ड कप फाइनल में पहले बल्लेबाजी की और पूरी टीम 17.1 ओवर में केवल 68 रन पर ऑलआउट हो गई। जवाब में भारतीय टीम ने 14 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। भारतीय अंडर-19 महिला क्रिकेट टीम आईसीसी अंडर-19 महिला टी20 वर्ल्ड कप की पहली चैंपियन बनी। अहमदाबाद में खेले जा रहे मैच में महिला टीम भी मौजूद रहेगी।

# सम्पादकीय

## सुविधाओं के साथ सुधारों की सौगात, बजट विकास दर को बल देने का भी काम करेगा

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2023-24 का बजट एक ऐसा रणनीतिक बजट है, जिसके एक ओर आर्थिक सौगात दिखाई दे रही है, तो दूसरी ओर विकास दर बढ़ाने वाली रणनीति। इसी कारण वित्त मंत्री ने वर्ष 2023-24 के लिए छह प्रतिशत से अधिक की विकास दर का अनुमान जताया, जो दुनिया की सबसे ऊंची वृद्धि दर होगी। इसके साथ ही वित्त मंत्री ने राजकोषीय प्रबंधन का बेहतर रोडमैप प्रस्तुत करते हुए वित्तीय घाटे को जीडीपी के 5.9 प्रतिशत तक रखने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अमृत काल का यह पहला बजट चुनौतीपूर्ण वैश्विक आर्थिक हालत में देश ही नहीं दुनिया भर में इसीलिए रेखांकित हो रहा है, क्योंकि उससे एक ओर भारत खाद्यान्न एवं ऊर्जा आपूर्ति के मददगार देश के रूप में दुनिया में नई भूमिका के लिए आगे बढ़ेगा, वहीं दूसरी ओर दुनिया की पांचवीं अर्थव्यवस्था के रूप में 2026-27 तक पांच ट्रिलियन (लाख करोड़) डालर के साथ-साथ विकसित अर्थव्यवस्था वाला देश बनने की डगर पर आगे बढ़ता हुआ दिखाई देगा। बजट में वित्त मंत्री की एक मुट्ठी आम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए खुली, वहीं दूसरी आर्थिक सुधारों संबंधी प्रविधानों के लिए खुलते हुए दिखाई दी।बजट में अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों को गतिशील करने के लिए ऐसे कई प्रविधानों की एक श्रृंखला हैं, जिनसे निर्यात और विदेशी निवेश में वृद्धि, उपभोक्ता मांग में तेजी, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र में बड़ा सुधार दिखाई देगा। रोजगार बढ़ाने के लिए बजट में वित्त मंत्री बुनियादी ढांचे पर अब तक के रिकार्ड पूंजीगत व्यय की रणनीति पर आगे बढ़ी हैं। उन्होंने वर्ष 2023-24 के लिए पूंजीगत व्यय को 10 लाख करोड़ रुपये के स्तर पर पहुंचाया है। चूंकि भारत मैन्यूफैक्चरिंग हब के रूप में उभरने की संभावनाएं रखता है, अतः वित्त मंत्री ने मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर के लिए बजट में बड़े एलान किए हैं। बजट का चमकीला पक्ष नई पीढ़ी को नए तकनीकी दौर की जरूरतों से सुसज्जित करने का भी है। बजट में युवाओं को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए एजुकेशन, इनोवेशन, स्किल डेवलपमेंट और स्टार्टअप के क्षेत्र में कौशल कार्य योजना-4 की शुरुआत की है। इसके तहत कोडिंग, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआइ, रोबोटिक्स, मेक्ट्रोनिक्स, 3डी प्रिंटिग, ड्रोन और साफ्ट स्किल्स जैसे प्रशिक्षण दिए जाएंगे। 47 लाख युवाओं को कौशल विकास के लिए वजीफा भी दिया जाएगा। यह तीन वर्ष के लिए होगा। वजीफे की राशि का युवाओं के खातों में नकद हस्तांतरण होगा। इतना ही नहीं युवाओं को अंतरराष्ट्रीय अवसरों के मद्देनजर तैयार करने के लिए देश में 30 स्किल इंडिया इंटरनेशनल सेंटर स्थापित होंगे। साथ ही युवाओं को 5जी सर्विस पर चलने वाले एप्लीकेशन बनाने के लिए प्रशिक्षित करने हेतु इंजीनियरिंग संस्थानों में सौ लैब बनाई जाएंगी। इस बजट में खेती और किसानों के हितों को भी प्राथमिकता दी गई है। 20 लाख करोड़ रुपये के सरल कृषि ऋण फंड की व्यवस्था इसीलिए सुनिश्चित की गई है। प्राकृतिक खेती के लिए एक करोड़ किसानों के लिए पीएम प्रणाम योजना शुरू की जाएगी। कृषि क्षेत्र के लिए दिए गए प्रोत्साहन के कारण ग्रामीण मांग को बढ़ावा मिलेगा और इससे विनिर्माण में सुधार के साथ ही कृषि उत्पादों के रिकार्ड निर्यात हेतु प्रोत्साहन भी सुनिश्चित किए गए हैं। यह महत्वपूर्ण है कि आर्थिक तस्वीर को बेहतर बनाने के लिए वित्त मंत्री बैंकिंग और वित्तीय क्षेत्रों में सुधारों के लिए आगे बढ़ी हैं। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योग (एमएसएमई) को पटरी पर लाने के लिए नौ हजार करोड़ रुपये की जो नई क्रेडिट गारंटी योजना लाई गई है, वह समय की मांग थी। इसके साथ ही सरकार ग्रामीण आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण को आगे बढ़ाने के प्रभावी प्रविधान करते हुए दिखाई दी है। नए बजट में आतिथ्य सत्कार, पर्यटन और अन्य सेवाओं को समर्थन दिया गया है। इसके साथ ही रक्षा बजट में भी 13 प्रतिशत की आवश्यक वृद्धि की गई है। मध्य वर्ग की टैक्स छूट में वृद्धि की अपेक्षा भी पूरी हुई है। नई कर छूटों से अनुमान है कि करीब 90 प्रतिशत आयकरदाता कर भुगतान से राहत पाएंगे। छोटे करदाताओं और मध्य वर्ग की मुश्किलों के बीच आयकर के नए प्रारूप वाले टैक्स स्लैब का पुनः निर्धारण किया गया है। नई टैक्स व्यवस्था में कुल सात लाख रुपये तक की कमाई वालों पर कोई टैक्स नहीं लगेगा। इसके अलावा टैक्स स्लैब की संख्या सात से घटाकर पांच कर दी गई है। वित्त मंत्री ने महिला सम्मान बचत पत्र योजना का एलान भी किया है। इसके तहत महिलाएं दो साल तक दो लाख रुपये का निवेश कर सकेंगी। इस जमा पर टैक्स में छूट मिलेगी और 7.5 प्रतिशत का रिटर्न मिलेगा।

## कालापानी की कालकोठरी में राजस्व बंदी की भूख प्यास से मौत


पश्चिमोत्तर प्रान्त में सोनभद्र को काला पानी के नाम से जाना जाता था। किसी ज़माने में जिसके नाम से ही लोगों के रोंगटे खड़े हो जाते थे। बागियों को सबक सिखाने के लिए अंग्रेज़ सरकार कालेपानी की सज़ा देती थी। कालांतर में यहां नील की खेती के लिए बन्दी को रखा जाने लगा था। यह खतरनाक जीव जंतुओं से भरा काला पानी मिर्ज़ापुर जिले में था। पर्सी विंढम 1900 से 1913 तक मिर्ज़ापुर के कलेक्टर रहे। हिंदुस्तान के वह पहले कलेक्टर हैं जो 13 वर्षों के सर्वाधिक अवधि तक कलेक्टर के पद पर विराजमान रहे। कलेक्टर साहब एडवेंचर और शिकार के बहुत शौकीन थे। कलेक्टर साहब के उसवक्त जिगरी यार हुआ करते थे खतरों के खिलाड़ी मशहूर शिकारी जिम कार्बेट। जिम ने अपनी पुस्तक 'मैन इटर्स ऑफ कुमायूं' में सोनभद्र के खतरनाक जंगल का जिक्र किया है। दुद्धी में एक आदमखोर बाघ ने आतंक मचा रखा था। वह दर्जनों ग्रामीणों को घायल कर चुका था और 8 लोगों को अपना शिकार बना कर खा चुका था। घात लगाकर हमला करने वाले विशालकाय आदमखोर बाघ की हिम्मत इतना बढ़ गई थी कि वह इंसानी बस्ती में घुसकर ग्रामीणों पर हमला करने लगा था। एक बार इस नरभक्षी ने देन्दु पत्ता तोड़ती महिलाओं के समूह पर हमला कर 2 महिलाओं को एक साथ मौत के घाट उतार दिया था। दुद्धी के आदिवासियों के बीच काम कर रहे ईसाई मिशनरियों ने मिर्ज़ापुर पहुंचकर कलेक्टर विंढम साहब को आदम खोर बाघ के आतंक की दिल दहला देने वाली दास्तां बताते हुए मदद की गुहार लगायी। कलेक्टर साहब ने एक महीने की अथक प्रयास के बाद ही आखिरकार उस आदमखोर बाघ को मारकर ग्रामीणों की सुरक्षा की। जिसके चलते वह ग्रामीणों के हीरो बन गये। उसके पश्चात उनके नाम पर विंढमगंज पुलिस चौकी बनी। सोनभद्र के जंगल में खतरनाक जानवर और ज़हरीले कीडों की भरमार थी। खतरनाक जानवरों और ज़हरीले सापों ने कदम कदम पर मौत का जाल बिछा रखा था। अगर कोई मौत के इस जाल से बच गया तो उसे ख़तरनाक जलीय जीव जंतु अपना शिकार बना लेते थे। इसी कारण बागियों को यहां की सज़ा दी जाती थी। परन्तु आप जनपद सोनभद्र के मुख्यालय रॉबर्ट्सगंज में स्थित सदर तहसील के रेवेन्यु हवालात को देखकर तिहाड़ जेल की कालकोठरी को भी भूल जाएंगे। यहां न पंखा था और न मई जून में जेठ की तपती दुपहरिया की गर्मी में प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी। इसी राजस्व विभाग के बन्दीगृह में बंद किया गया था सुधाकर दुबे को। मूलतः मिर्ज़ापुर के रहने वाले सुधाकर दुबे की रॉबर्ट्सगंज नगर में मेसर्स दुबे इलेक्ट्रॉनिक के नाम से शॉप है। आर्थिक तंगी के चलते सुधाकर दुबे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया रॉबर्ट्सगंज शाखा से महीनों की दौड़ भाग और घूस देकर तक़रीबन 10 लाख 30 हज़ार रुपये कर्ज़ हासिल करने में सफल रहे। खैर उस वक्त देश और पूरा विश्व ही आर्थिक तंगी की मार झेल रहा था। स्थिति ठीक न होने के चलते बैंक की किश्त अदा करने में दिक्कत आने लगी। सम्मन तामिला के बाद तहसीलदार सदर बृजेश कुमार वर्मा की अगुवाई में सुधाकर दुबे को




पकड़कर 12 मई 2022 को तहसील के रेवेन्यु लॉकअप में डाल दिया गया। उस वक्त भयंकर गर्मी पड़ रही थी। भीषण गर्मी देखकर ऐसा लग रहा था कि इसबार शायद गर्मी अपने अगले पिछले सारे रिकॉर्ड को ध्वस्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित करना चाह रही हो। पंखा नदारद और पीने के लिए गर्मी से खौलता पानी गले को झुलसाने और अंतड़ियों को जलाने के लिए पर्याप्त था। राजस्व विभाग के हवालात के आगे हिटलर द्वारा जर्मनी में बनाया गया यातना शिविर भी कुछ नहीं है। अमेरिकी सैन्यबल द्वारा इराक में बनाया गया अबु ग़रीब प्रिज़न टार्चर जेल भी इस राजस्व हवालात से भयानक नहीं होगा। सड़ी गर्मी में भूख और प्यास से बेहाल बन्दी सुधाकर दुबे एक हफ्ता के पश्चात 19 मई 2022 को अचेत होकर हवालात में गिर पड़े। सूचना मिलने पर परिजन उन्हें लेकर जिला अस्पताल लोढी पहुंचे। वहां से उन्हें बीएचयू वाराणसी के लिए रेफर कर दिया गया। परन्तु रास्ते में ही सुधाकर दुबे की मौत हो गई। इस पर मृतक सुधाकर दुबे के पुत्र नीरज दुबे का कहना है कि जब मैंने हवालात की फर्श पर मूर्छित पड़े पिताजी के कलाई की नस दबाया तो कोई हलचल नहीं हो रही थी, जिस्म ठंडा पड़ चुका था। वह लॉकअप में ही भूख प्यास से तड़प तड़पकर दम तोड़ चुके थे। उन्होंने कहा कि मैं मरने से पहले पिताजी से बन्दी गृह में आकर मिला था। पिताजी ने कहा कि भूख प्यास से मेरी तबियत बिगड़ रही है। मुझे अस्पताल ले चलो। जब मैंने पिताजी की नाज़ुक हालत के बारे में तहसीलदार साहब को बताया तो उन्होंने गाली देते हुए डांटकर अपने चेम्बर से भगा दिया। उन्होंने आगे बताया कि अगर समय रहते तहसीलदार ने मेरी बात पर मानवीयता दिखाई होती तो शायद मेरे पिताजी की जान बच जाती। घर से खाना और ठंडा पानी लेकर जाता था तो वहां तैनात राजस्व कर्मी भगा देते थे। खैर बेटा पिताजी की जान बचाने के लिए साहब से हाथ जोड़कर ज़िन्दगी की भीख मांगता रहा। परन्तु साहब का निष्ठुर हृदय नहीं पसीजा। अमानवीयता के इस नरकीय रूप को सुनकर मुंशी प्रेमचंद की कहानी मंत्र की याद पूरे वजूद को हिलाकर रख देती है। जब बूढ़ा भगत डॉ चड्ढा से अपने बच्चे को एक नज़र देखने की विनती करता है। दुबे परिवार की आमोद प्रमोद रूपी नौका अचानक से जलमग्न हो गई। जो न होना था, वह हो गया। महज़ दस लाख रुपये व्यापार हेतु लिए कर्ज़ की ख़ातिर सिस्टम के हाथों एक छोटे व्यापारी का क़त्ल हो चुका था। इतनी बड़ी सज़ा उसे मिली, जिसका वह हक़दार नहीं था। 80 लाख का स्टाइलिश सूट पहनने वाले देश के चौकीदार की नाक के नीचे से अरबों रुपये देश का लेकर एक दर्जन गुजराती जालसाज देश से फ़रार हो गये। परन्तु उनका बाल भी बांका नहीं हुआ। दुनिया का तीसरे नम्बर का अमीर गौतम अडानी हिन्डेनबर्ग रिपोर्ट के पब्लिश होते ही दुनिया के टॉप टेन की लिस्ट से बाहर हो गया। गौतम अडानी ने इसे राष्ट्रीय की अस्मिता पर हमला बताया। हिन्डेनबर्ग रिपोर्ट ने पलटवार करते हुए जवाब दिया कि फ्रॉड को राष्ट्रवाद के पीछे नहीं छुपाया जा सकता। उन्हें तीन दिन में 34 अरब डॉलर का नुकसान हुआ। मोदी सरकार ने कई हज़ार करोड़ का अडानी समूह का पहले ही ऋण माफ कर दिया था। परन्तु आम नागरिकों संग लोन न चुकाने पर कैसा सुलूक किया जाता है। मृतक सुधाकर दुबे पर तोड़े गये जुल्मों सितम महज़ इस क्रूर चेहरे की बानगी भर है। सिस्टम द्वारा आज़ाद भारत में अब तक न जाने कितने सुधाकर दुबे को रेवेन्यु विभाग की कालकोठरी में क़ैद कर मौत के घाट उतारा जा चुका है। सुधाकर दुबे की इस क्रूर मौत के बाद मुख्यालय में आक्रोश व्याप्त हो गया। तमाम समाजिक संघठनों ने इस पर विरोध प्रदर्शन किया। भाजपा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर तिवारी ने पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने की मांग प्रशासन से की। वहीं योगी सरकार पर विपक्ष ने भी निशाना साधा। वकीलों ने भी मुखर होकर अपना विरोध जताया। ततपश्चात जिलाधिकारी सोनभद्र चन्द्र विजय ने एडीएम न्यायिक भानु प्रताप यादव को इस प्रकरण में जांच के आदेश दिए। एडीएम ने अपनी जांच में उसवक्त के एसडीएम राजेश कुमार सिंह एवं उसवक्त के तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा को दोषी पाया। जांच में यह बात निकलकर सामने आई कि तहसीलदार ने इलाज के लिए परिजनों द्वारा अस्पताल ले जाते समय साथ में किसी राजस्वकर्मी को नहीं भेजा और न ही मौके पर स्वयं गये। सुधाकर दुबे की मौत होने पर शव के पोस्टमार्टम के लिए कोई प्रयास नहीं किया गया। आनन फानन में अस्पताल के लिए कागज़ बना कर घर वालों को सुपुर्दगी दे दिया गया। वहीं एसडीएम ने भी इस मामले में शिथिलता बरती। इतनी बड़ी घटना को छुपाए रखा और अपने उच्चाधिकारियों को भी इस मामले से अवगत नहीं कराया। जांच रिपोर्ट में तहसीलदार और एसडीएम के दोष सिद्धि के बाद भी उनपर कोई कारवाई नहीं कि गई। अलबत्ता तहसीलदार को दुद्धी और एसडीएम को ओबरा में तैनाती दे दी गई। जांच को तीन माह का समय गुज़र जाने पर जनहितवादी समाजसेवी एवं पूर्वांचल के नामचीन बैरिस्टर विकास शाक्य ने मृतक सुधाकर दुबे के सुपुत्र नीरज दुबे के साथ इलाहाबाद हाईकोर्ट और राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का दरवाज़ा खटखटाया। पीयूसीएल के प्रदेश संगठन सचिव विकास शाक्य के पिटीशन पर मानवाधिकार आयोग ने उत्तर प्रदेश सरकार को आदेशित किया कि मृतक के परिजन को 10 लाख रुपये एवं न्यायोचित जांच की जाये। परन्तु इस पर उत्तर प्रदेश सरकार ने अमल नहीं किया। इसी दौरान शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट में बैरिस्टर विकास शाक्य की पिटीशन पर सुनवाई करते हुए दो जजों सूर्य प्रकाश केशरवानी और जयंत बनर्जी की बेंच ने सख़्त रुख अपनाया। प्रमुख सचिव राजस्व को तलब कर इस प्रकरण में क्या कार्रवाई हुई एक हफ्ते में कोर्ट में हलफनामा पेश करने को कहा। इस प्रकरण में उच्च न्यायालय इलाहाबाद ने प्रमुख सचिव गृह और राजस्व सचिव उत्तर प्रदेश को अमानवीय कृतियों व दुर्व्यवस्था पर फटकार भी लगाई। साथ ही जिला स्तर पर हुई मजिस्ट्रेटियल जांच को भी पूर्वाग्रह और दूषित बताते हुए जिलाधिकारी सोनभद्र की भूमिका पर भी सवाल उठाए थे। इनसब के बाद भी संज्ञेय अपराध की रिपोर्ट तक दर्ज नहीं किया गया था। पीड़ित परिवार को मुआवजा नवीनतम जांच की अद्यतन रिपोर्ट के साथ 3 फरवरी को पुनः तलब किया गया है। उच्च न्यायालय के सख़्त रुख़ को देखते हुए आनन फानन में शनिवार की रात डीएम सोनभद्र चन्द्र विजय के निर्देश पर हांफते कॉंपते सदर तहसीलदार सुनील कुमार तहरीर लेकर सदर कोतवाली रॉबर्ट्सगंज पहुंचे। इस मामले में कोतवाल बालमुकुंद मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर रात्रि में धारा 304 भारतीय दंड संहिता के अंतर्गत गैर इरादतन हत्या के आरोप में एसडीएम और तहसीलदार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विवेचना अमल में लाई जा रही है। इसपर बैरिस्टर विकास शाक्य ने कहा कि वादी मुकदमा के निचले रैंक के ऑफिसर से विवेचना कराई जा रही है जो प्रतिस्थापित विधि व्यवस्था के विरुद्ध है। इंसानियत के रूह को फ़नाह कर देने वाले इस जघन्यतम अपराध पर बैरिस्टर विकास शाक्य ने कहा कि निष्पक्ष विवेचना और दोषियों को सजा दिलाने तक यह संघर्ष जारी रहेगा। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की तल्ख़ टिप्पणी के बाद कमिश्नर विंध्याचल मंडल मुतुथ स्वामी की अगुवाई में डीएम मिर्ज़ापुर दिव्या मित्तल एवं एसपी सोनभद्र डॉ यशवीर सिंह ने इस प्रकरण में जांच किया। जांच के दौरान राजस्व हवालात की दुर्दशा पर मंडलायुक्त से सवाल करने पर उन्होंने इसमें सुधार के लिए शासन को अवगत कराने की बात कही। वहीं तहसीलदार और एसडीएम को भी दोषी करार दिया। रेवेन्यू लाकअप मैनुअल की जानकारी मंडलायुक्त को भी नहीं थी। यह अंग्रेजों का बनाया हुआ राजस्व बन्दी गृह है। जिसके कोई नियम अभी तक देश में अलग से नहीं बनाया गया है। आज़ादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं हमसब और घोर आश्चर्य की बात यह है कि अभी तक हमारे पास अलग से रेवेन्यू लाकअप मैन्यूल्स नहीं बनाया जा सका है।

## मिटाने होंगे पराधीनता के अवशेष, मुगल गार्डन का नाम बदलना विदेशी आक्रांताओं के महिमामंडन की भूल सुधारने जैसा

राष्ट्रपति भवन स्थित मुगल गार्डन का नाम परिवर्तित कर 'अमृत उद्यान' करना कुछ तबकों को उनकी चिर-परिचित आदत के चलते रास नहीं आ रहा है। महत्वपूर्ण स्थानों के नाम बदलने को लेकर सुविधाजनक रवैया अपनाने वाली कांग्रेस के नेता भी इसकी आलोचना में आगे हैं। वामपंथियों को तो भारतीयता की दिशा में बढ़ाए गए किसी भी कदम पर अपच होने लगता है। मोदी-विरोधियों का एक वर्ग तो है ही, जिसे प्रधानमंत्री के किसी भी फैसले की बस आलोचना ही करनी है। मोदी जबसे प्रधानमंत्री बने हैं तबसे कांग्रेस बार-बार स्मृतिलोप की शिकार हुई है। वह अपने ही कृत्यों को भूल गई, जब उसने किंग्सवे को राजपथ, क्वींसवे को जनपथ, कर्जन रोड को कस्तूरबा गांधी मार्ग और योर्क रोड को मोतीलाल नेहरू मार्ग जैसे नाम दिए। इसी प्रकार ड्यूक आफ कनाट के नाम पर पड़े कनाट सर्कस को इंदिरा चौक और कनाट प्लेस को राजीव चौक का नाम दिया। कांग्रेस सरकार में ही क्वीन विक्टोरिया रोड को राजेंद्र प्रसाद रोड, किंग एडवर्ड रोड को मौलाना आजाद रोड और विलिंगडन क्रिसेंट को मदर टेरेसा क्रिसेंट का नाम मिला। हालांकि नाम परिवर्तन के मामले में कांग्रेस और भाजपा का रवैया विपरीत है। चूंकि कांग्रेस ने जो अधिकांश नाम बदले, उनका नामकरण अधिकांशतः पार्टी दिग्गजों और विशेषकर एक परिवार के नेताओं के नाम पर किया तो इस मामले में उसकी मंशा उतना भरोसा जगाने वाली नहीं। उसकी मंशा औपनिवेशिक मानसिकता से मुक्ति के बजाय अपने प्रतीकों के महिमामंडन पर अधिक केंद्रित रही। यहीं दोनों पार्टियों में अंतर दिखता है। वहीं मौजूदा सरकार द्वारा राजपथ का नाम बदलकर कर्तव्य पथ करने और मुगल गार्डन को अमृत उद्यान करने की पहल में



उपनिवेशवाद-विरोधी रुख नजर आता है। नाम परिवर्तन को लेकर जब भारतीयता, महान भारतीय सभ्यता और लोकतंत्र-पंथनिरपेक्षता जैसी संवैधानिक अवधारणाओं की बात आती है तो कांग्रेस बड़ी दुविधा में रही है। यह 2015 में तब भी जाहिर हुआ था जब मोदी सरकार ने राजधानी दिल्ली की औरंगजेब रोड का नाम बदलकर एपीजे अब्दुल कलाम रोड किया तो कांग्रेस नेताओं ने यह आरोप लगाते हुए इस कदम का विरोध किया कि सरकार ने औरंगजेब को मुस्लिम प्रतीक होने के नाते निशाना बनाया। उन्होंने इसे इतिहास से छेड़खानी का मामला भी बताया। इस मुहिम में उन्होंने उस कट्टर औरंगजेब के दुष्कृत्यों को भी अनदेखा किया, जिसने हिंदुओं, सिखों और भारतीय धरा पर जन्मे अन्य धर्मों पर तमाम अत्याचार किए। उसकी कहानी को संक्षेप में समझ लीजिए। उसने 1669 में तमाम हिंदू मंदिरों एवं शैक्षणिक संस्थानों को ध्वस्त करने का आदेश दिया। इनमें काशी विश्वनाथ मंदिर, सोमनाथ मंदिर और मथुरा में कृष्ण मंदिर जैसे धर्मस्थल भी शामिल थे। हिंदुओं के प्रति उसकी घृणा की कोई सीमा नहीं थी। मथुरा में मंदिर ध्वस्त कर उसने वहां मस्जिद बनवाई। उसने वहां से मूर्तियां हटवाकर आगरा में एक मस्जिद की सीढ़ी के नीचे दफन करा दीं ताकि मस्जिद में प्रवेश करते समय मुसलमान उनके ऊपर से पैर रखकर घुसें। उसने हिंदुओं पर जजिया कर लगाया। हिंदू मेले प्रतिबंधित किए। हिंदू लिपिकों और लेखाकारों को पद से हटाया। हिंदुओं पर सामान मंगाने के एवज में ऊंचे कर लगाए। मतांतरण के बाद मुस्लिम बनने को तैयार हिंदू कैदियों की सजा घटाई। सिखों के प्रति भी वह उतना ही निर्मम एवं क्रूर था। उसने गुरु तेग बहादुर को कैद किया। कई दिनों तक प्रताड़ना दी। इसके बावजूद गुरु जी इस्लाम स्वीकार करने को तैयार नहीं हुए तो उनका शीश धड़ से अलग करा दिया। फिर उसने गुरु गोबिंद सिंह को निशाना बनाया और उनके चार पुत्रों की हत्या कराई। अपनी उल्लेखनीय कृति 'द स्टोरी आफ सिविलाइजेशन' में विल डुरांट ने लिखा है कि करीब आधी शताब्दी के दौरान भारत से इस्लाम को छोड़कर अन्य धर्मों को मिटाने की भरसक कोशिश की गई। औरंगजेब ने अपने मुख्य मातहतों को आदेश दिया कि हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियों को तोड़ने के साथ ही उनके उपासना स्थलों को वर्जित कर दिया जाए। डुरांट के अनुसार, 'औरंगजेब की कट्टरता का ही परिणाम था कि सदियों से भारत की कला-संस्कृति को दर्शाने वाले हजारों मंदिर खंडहरों में तब्दील हो गए। आज के भारत को देखकर हम यह कल्पना ही नहीं कर सकते कि अतीत में वह कितना भव्य और सुंदर रहा होगा।' क्या औरंगजेब में कुछ भी ऐसा था जिस पर एक पंथनिरपेक्ष और लोकतांत्रिक राष्ट्र गर्व कर सके? फिर भी कांग्रेस ने राजधानी की एक प्रमुख सड़क का नामकरण उसके नाम पर किया और जब इसे बदलने की कोशिश हुई तो उसने इस पर नाराजगी जताई। यह इस पार्टी के छद्म-पंथनिरपेक्ष रवैये का सटीक उदाहरण है। अपने इस रुख-रवैये के चलते ही उसने राजधानी की अन्य प्रमुख सड़कों को बाबर, हुमायूं और शाहजहां जैसे विदेशी आक्रांताओं का नाम दिया और यहां के सबसे खूबसूरत बगीचे को मुगल गार्डन की संज्ञा दी। इस दृष्टि से देखा जाए तो अभी इतिहास की गलतियों को दुरुस्त करने का कार्य अपूर्ण है। यदि हम बड़े संघर्ष से मिली अपनी आजादी और असाधारण संविधान के माध्यम से प्राप्त हुए उदारवादी एवं लोकतांत्रिक ढांचे को सुरक्षित रखना चाहते हैं तो बाबर और अन्य औपनिवेशिक प्रतीकों के मामले में भी वही करना होगा जैसा मोदी सरकार ने औरंगजेब के मामले में किया।

## कारीगर आधारित मॉडल को बढ़ावा देने से रोजगार सृजन संभव

वर्ष 1600-1700 के दौरान वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में भारत की हिस्सेदारी 25 से 30 प्रतिशत के बीच थी। तब भारत एक बड़ी विनिर्माण अर्थव्यवस्था थी, जिसमें कपड़ों, मसालों और नील इत्यादि का उत्पादन शामिल था। ये सब बुनकरों, किसानों और कारीगरों द्वारा उत्पादित किए जाते थे। भारत



के शहरों और गांवों में आज भी ऐसे उत्कृष्ट कारीगरों की संख्या बहुत अधिक है, जो पारंपरिक कौशल को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे ले जा रहे हैं। आज जब रोजगार का सृजन हमारे लिए एक चुनौती से कम नहीं है, तब यदि हम विनिर्माण करना चाहते हैं तो हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा। चूंकि पारंपरिक कौशल से जुड़े उत्पादों का एक बड़ा बाजार है, अतः हमें इनके उत्पादन पर ध्यान देना होगा। यह आने वाले समय में बहुत लाभदायक सिद्ध होगा। सुरेश प्रभु और पार्थो कर : वर्ष

1600-1700 के दौरान वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में भारत की हिस्सेदारी 25 से 30 प्रतिशत के बीच थी। तब भारत एक बड़ी विनिर्माण अर्थव्यवस्था थी, जिसमें कपड़ों, मसालों और नील इत्यादि का उत्पादन शामिल था। ये सब बुनकरों, किसानों और कारीगरों द्वारा उत्पादित किए जाते थे।

भारत के शहरों और गांवों में आज भी ऐसे उत्कृष्ट कारीगरों की संख्या बहुत अधिक है, जो पारंपरिक कौशल को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे ले जा रहे हैं। आज जब रोजगार का सृजन हमारे लिए एक चुनौती से कम नहीं है, तब यदि हम विनिर्माण करना चाहते हैं तो हमें अपनी जड़ों की ओर लौटना होगा। चूंकि पारंपरिक कौशल से जुड़े उत्पादों का एक बड़ा बाजार है, अतः हमें इनके उत्पादन पर ध्यान देना होगा। यह आने वाले समय में बहुत लाभदायक सिद्ध होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### केरल आ रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस विमान के इंजन में लगी आग

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** इंडिया एक्सप्रेस की अबू धाबी से कालीकट जा रही एक फ्लाइट की वापस अबू धाबी हवाई अड्डे पर इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। विमान के इंजन में आग लगने के बाद विमान सुरक्षित उतारा गया है। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने बताया कि सभी यात्री सुरक्षित हैं। 184 यात्रियों की बची जान

जानकारी के अनुसार एयर इंडिया एक्सप्रेस की अबू धाबी से आ रही फ्लाइट ً348 में 184 यात्री सवार थे। इंजन में तकनीकी खराबी आने के बाद विमान में आग लगने की बात सामने आई। विमान




के पायलट ने जैसे ही आग की लपटों को देखा तो उसने विमान की अबू धाबी में इमरजेंसी लैंडिंग कराई। विमान कंपनी के अनुसार सभी यात्री अब सुरक्षित है और हादसे की वजह की जांच की जा रही है। विमान हादसे की घटनाओं में आजकल तेजी से इजाफा देखने को मिल रहा है। चार दिन पहले भी लखनऊ से कोलकाता जा रहे एयर एशिया के विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। विमान से पक्षी के टकराने के चलते 180 लोगों की जान को खतरा हो गया था। ऐसा ही मामला दिल्ली से भुवनेश्वर जा रहे विस्तारा की फ्लाइट में देखने को मिला था। विमान में आई तकनीकी खराबी के बाद उसे दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंड कराया गया था। इस विमान में 140 यात्री सवार थे।

## देवरी जगदीशपुर खरीदी केंद्र में लगभग 4 हज़ार बोरी कम पाई गई धान

(आधुनिक समाचार सेवा)
**अमरपाटन।** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार धान उपार्जन केंद्र देवरी जगदीशपुर में धान उपार्जन समिति के ब्लाक स्तरीय अध्यक्ष तथा एसडीएम कमलेश कुमार पांडेय के निरक्षण के दौरान केंद्र में भारी अनियमितता पाई गई हैं सूत्रों की माने तो खरीदी प्रदाय पर्ची के अनुसार अनाज की मात्रा के अनुसार तकरीबन 13 हज़ार बोरी के आसपास होना जरूरी थी मगर केंद्र में लगभग 8 हज़ार बोरिया पाई गई तकरीबन 4 हज़ार बोरी धान का खेल केंद्र द्वारा किया गया जिसके संदर्भ में उचित कार्यवाही के लिए धान उपार्जन समिति के ब्लाक स्तरीय अध्यक्ष तथा एसडीएम कमलेश कुमार पांडेय ने कलेक्टर को पत्र लिखा है, जब इस पूरे मामले में डीएम नॉन बचते नजर आ रहे है बताया जा रहा हैं कि एसडीएम अमरपाटन का यह पत्र डीएम नॉन को भी भेजा गया हैं अब देखना यह होगा कि प्रशासन के तरफ़ से केंद्र पर कोई कार्यवाही होगी या नही।

## नाबालिग लडकी को बहला फुसलाकर अपने साथ ले जाने व दुष्कर्म करने वाले को किया गिरफ्तार




(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** थाना सूरजपुर पुलिस द्वारा थाना सूरजपुर पर पंजीकृत मु0अ0सं0-0059/2023 धारा 363/366/376 भा.द.वि. व 3/4 पोक्सो एक्ट से सम्बंधित अभियुक्त वीरेश कुमार पुत्र उदल सिंह निवासी रेजुआ, थाना जलेसर, जिला एटा को थाना क्षेत्र के दुर्गा गोलचक्कर, सूरजपुर से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त दिनांक 01.02.2023 को अपने पडोस में रहने वाले मुकदमा उपरोक्त के वादी की नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म किया था। पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करने के साथ ही पीड़िता को भी बरामद कर लिया गया।

## 73 सालों में पहली बार मनाया जाएगा सुप्रीम कोर्ट का स्थापना दिवस सिंगापुर के सीजेआई होंगे मुख्य अतिथि

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** 4 फरवरी को पहली बार भारत के सर्वोच्च न्यायालय का स्थापना दिवस मनाया जाएगा। इस कार्यक्रम में सिंगापुर के मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस सुंदरेश मेनन को मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया गया है। जस्टिस मेनन 'बदलती दुनिया में न्यायपालिका की भूमिका' के बारे में बात करेंगे। 73 सालों में पहली बार सुप्रीम कोर्ट का स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसमें वकालत से जुड़ी देश-विदेश की कई हस्तियां शिरकत करने वाली हैं। यह कार्यक्रम भारत के सुप्रीम कोर्ट की 73वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जस्टिस संजय किशन कौल स्वागत भाषण देंगे।

## एमक्यू 9बी ड्रोन सौदे को अमलीजामा पहनाने को तैयार भारत और अमेरिका

**वाशिंगटन।** भारत और अमेरिका तीन अरब डालर से अधिक के 30 एमक्यू-9बी प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन सौदे को जल्द से जल्द पूरा करने की तैयारी में हैं। दोनों ओर से इसकी प्रतिबद्धता जताई गई है। ड्रोन के मिलने से एलएसी और हिंद महासागर में भारत की निगरानी क्षमता काफी मजबूत हो जाएगी अमेरिकी विदेश विभाग में राजनीतिक सैन्य मामलों की सहायक विदेश मंत्री जेसिका लेविस ने बुधवार को संवाददाताओं द्वारा सौदे में देरी को लेकर पूछे गए सवाल पर कहा कि मामला अब भारत के पाले में है। रक्षा जरूरतों को देखते हुए सौदे के तहत तीनों सेनाओं के लिए 10-10 एमक्यू-9बी प्रीडेटर आर्म्ड ड्रोन खरीदे जाने हैं। इस सौदे की घोषणा 2017 में हुई थी। माना जा रहा है कि एनएसए अजीत डोभाल की अपने समकक्ष जैक सुलविन समेत शीर्ष अधिकारियों से इस संबंध में वार्ता हुई है।जनरल एटामिक ग्लोबल कार्पोरेशन के मुख्य कार्यकारी विवेक लाल ने बताया कि अन्य किसी ड्रोन की अपेक्षा एमक्यू-9बी ड्रोन आकाश में अधिक समय तक उड़ सकता है और 360 डिग्री में कार्य करता है। यह जल, थल और आकाश तीनों की निगरानी में अधिक सक्षम है डोभाल व ब्लिंकन की मुलाकात में रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा एनएसए अजीत डोभाल और अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने मिलकर क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों को आदान-प्रदान किया। इसके साथ ही द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर जोर दिया। वही, राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि आइसीईटी पर भारत और अमेरिका की पहल दोनों देशों में लोकतांत्रिक प्रौद्योगिकी इकोसिस्टम पैदा करेगी।बता दें कि भारत और अमेरिका ने एक समझौते पर हस्ताक्षर किया है। इससे दोनों देशों के विज्ञानियों और इंजीनियरों के बीच रिसर्च प्रोजेक्ट के चयन और वित्त पोषण की प्रक्रिया को सुगम करने में मदद मिलेगी। राष्ट्रीय विज्ञान संस्था (एनएसएफ) ने कहा कि यह समझौता बेहद महत्वपूर्ण कदम है।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट की हो पीसी जांच, संसद में 13 दल चर्चा पर अड़े, खरगे बोले- भारतीयों की कमाई खतरे में

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** बजट सत्र के तीसरे दिन की शुरुआत में ही संसद में आज अडानी समूह के शेयरों में बड़ी गिरावट का मुद्दा छाया रहा। केंद्र सरकार ने आज संसद में राष्ट्रपति मुर्मु के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पेश करना है। इस बीच विपक्ष ने संसद की कार्रवाई शुरू होते ही अडानी (ँहग् र्एप ईत्त् घ्ल) और हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर जोरदार हंगामा कर दिया, जिसके चलते संसद की कार्रवाई को दोपहर 2 बजे तक स्थगित कर दिया गया। विपक्षी नेताओं ने अडानी पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर चर्चा की मांग की। उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनियों पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से उनकी कंपनियों के शेयरों में गिरावट तो हो ही रही है, लेकिन अब यह मुद्दा संसद में भी उठने



लगा है। विपक्ष की 13 पार्टियों ने इस मुद्दे पर चर्चा की मांग को लेकर एक बैठक भी की। बैठक में कांग्रेस, डीएमके, आम आदमी पार्टी, जेडीयू, शिवसेना, एनसीपी और अन्य पार्टियों ने एक राय दिखाई। सभी ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर चर्चा और इसकी ज्वाइंट पार्लियामेंट्री कमेटी (जेपीसी) से जांच की मांग की। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद में बिजनेस नोटिस दिया था। उन्होंने बताया कि हमने बाजार मूल्य खोने वाली कंपनियों में एलआईसी, सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और वित्तीय संस्थानों द्वारा निवेश के मुद्दे पर चर्चा के लिए नियम 267 के तहत बिजनेस नोटिस दिया है। खरगे ने कहा कि लोगों का पैसा चंद कंपनियों को दिया जा रहा है और करोड़ों भारतीयों की गाढ़ी कमाई खतरे में पड़ गई है मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि केंद्र को अडानी मामले की जांच के लिए ण्व्ध् की निगरानी में एक जेपीसी का गठन करना चाहिए और प्रतिदिन रिपोर्ट लेनी चाहिए। उन्होंने कहा कि एलआईसी, एसबीआई और अन्य राष्ट्रीयकृत बैंकों में निवेश कर लोग करोड़ों रुपये गंवा रहे हैं।

## बाल विवाह के खिलाफ 4000 से ज्यादा मुकदमे दर्ज

(आधुनिक समाचार सेवा)
**गुवाहाटी।** मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि असम सरकार बाल विवाह पर शुक्रवार से व्यापक



कार्रवाई शुरू करेगी, अपराधियों को गिरफ्तार करेगी और व्यापक जागरूकता अभियान भी चलाएगी। पुलिस ने एक पखवाड़े से भी कम समय में बाल विवाह के 4,004 मामले दर्ज किए हैं। 14 वर्ष से कम आयु की लड़कियों की शादी करने वालों पर यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया जाएगा, और बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 के तहत उन लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए जाएंगे जिन्होंने 14-18 में लड़कियों की शादी की है। वर्ष आयु समूह।मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट किया, 'अब तक असम पुलिस ने राज्य भर में 4,004 मामले दर्ज किए हैं और आने वाले दिनों में पुलिस कार्रवाई और तेज होने की संभावना है। मामलों पर कार्रवाई तीन फरवरी से शुरू होगी। मैं सभी से सहयोग करने का अनुरोध करता हूं। असम के मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- असम पुलिस ने राज्य भर में बाल विवाह से संबंधित मामलों में अब तक 1,800 लोगों को गिरफ्तार किया है। बता दें कि पिछले महीने, राज्य मंत्रिमंडल ने बाल विवाह की बुराई के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू करने का फैसला किया था और इस प्रयास में सभी से सहयोग मांगा था।

## फर्जी मालिक या ब्रोकर बनकर लोगों से धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नोएडा।** से एक अलग प्रकार का स्कैम की खबर आ रही है जिसमें ठगों द्वारा फर्जी तरीके से मालिक या एजेंट बनकर ठगी की गयी है, नोएडा के थाना सेक्टर 39 पुलिस द्वारा 4 आरोपितों को फर्जी तरीके से ओनलाइन घर ढूंढ रहे लोगों से लाखों रूपये ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया है। ये सभी ठग नामी ओनलाइन वेवसाइटों के माध्यम से आकर्षक विज्ञापन देकर किराए पर घर ढूंढ रहे लोगों को फर्जी रेंट एग्रीमेंट बनाकर लूट दो से तीन महीने का रेंट एडवांस में जमा करा लिया करते थे, तय तिथि को किरायेदार घर पर सामान लेकर आता था तो उसे इस फर्जीवाड़े का पता चलता था किंतु तब तक ये लोग फोन बंद करके रफू चक्कर हो जाया करते थे। नोएडा में अनेकों बहुराष्ट्रीय कंपनियों तथा संस्थानों के कार्यालय हैं जिनमें काम करने वाले लोगों को अस्थाई तौर पर रहने के लिए मकान की आवश्यकता होती है, ये सभी लोग चूंकि बाहरी होते हैं और नोएडा ग्रेटर नोएडा के इलाकों की जानकारी इन्हे नही होती है जिसके चलते ये लोग ऐसी वेवसाइटों का सहारा लेते हैं जोकि रेंट या सेल के लिए उपलब्ध मकानों का विज्ञापन करती हैं, इस विज्ञापन का एक पैकेज



होता है जिसके लगभग 5000 रूपये से 2 लाख रूपये में ये कंपनियां बेचती हैं. उल्लेखनीय है कि इन पैकेजों को कोई भी व्यक्ति खरीद सकता है और सरलता से अपने फर्जीवाड़े के काम को अंजाम दे सकता है।। इन चारों ठगों ने भी किराये हेतू फ्लैट के आकर्षक विज्ञापन इस नामी वेवसाइटों के माध्यम से दिये और इस दौरान जिस व्यक्ति ने भी इनसे इस घर के लिए सम्पर्क किया, उसे इन्होने फर्जी मकान मालिक एवं एजेंट ब्रोकर बनकर मकान दिलाने के नाम पर दो से तीन महीने का एडवांस पैसा लिया। किरायेदार को भरोसा दिलाने के लिए फर्जी तरीके से रेंट एग्रीमेंट भी बनाया गया. रेंट एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर कराने के बाद ये फर्जी चाबी भी किरायेदार को दे दिया करते थे जिसके बाद किरायेदार खुशी खुशी तय दिनांक को अपना सामान लेकर पहुंचता था, जहां उसे अपने साथ हुई ठगी का पता चलता था। प्रॉपर्टी खरीदने में रूचि रखने वाले लोग या प्रॉपर्टी रेंट पर लेने के लिए वेबसाइट के माध्यम से ठगों से संपर्क करते थे। कस्टमर का मोबाइल नंबर मिलने पर ठग गिरोह का सदस्य करण उर्फ़ अमितेश मिश्रा कस्टमर को कॉल करता था। प्रॉपर्टी की लोकेशन व किराया आदि से जुड़ी बात करता था। इसी बातचीत के दौरान कस्टमर को प्रॉपर्टी विजिट कराने का समय तय कर लिया जाता था। इसके बाद दूसरा ठग पुष्पेंद्र कस्टमर को प्रॉपर्टी विजिट कराकर प्रॉपर्टी के फर्जी मालिक बने तीसरे ठग अनिल चौहान से फोन पर बातचीत करवाता था। कस्टमर से टोकन मनी चौथे ठग मृत्युंजय चौबे के अकाउंट में ट्रांसफर कराई जाती थी। कस्टमर से टोकन मनी मिलने के बाद फर्जी एग्रीमेंट इत्यादि तैयार करके तीन से छह महीने का किराया एडवांस मनी के रूप में ले लिया जाता था। आरोपी चारों ठग की करतूत खुलने पर पुलिस के पास अबतक 10 लोग अपनी शिकायत लेकर पहुंच चुके हैं। पीड़ितों ने बताया कि ठगों ने फर्जी दस्तावेज बनाकर कस्टमर से हस्ताक्षर करवाकर छाया प्रति देकर तीन से छह महीने का एडवांस रेंट अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लिया। पुलिस पूछताछ में ठगों ने कबूला कि अकाउंट में आये पैसे को चारों ठग आपस में बांट लेते थे। ठगों ने सभी सिम कार्ड व बैंक अकाउंट मृत्युन्जय के नाम से लिए हैं। ठग मृत्युन्जय बिहार का निवासी है। मात्र बीते 19 दिनों में ठगों ने 10 व्यक्तियों को अपनी ठगी का शिकार बनाया है। इन 10 व्यक्तियों से ठगों ने लगभग साढ़े 7 लाख से अधिक की धनराशि ठगी है। भारत सरकार द्वारा समय समय पर रियल स्टेट डेवलपमेंट बिल पारित किये गये जिनमें अंतिम बार 2016 में इस बिल को संसोधित किया गया था, जिसमें रेरा के अंतर्गत रियल एस्टेट एजेंट /ब्रोकरों को पंजीकृत करने का भी प्रावधान है।। किंतु रेंटल प्रोपर्टी या एजेंसियों के लिए कोई भी सही बिल अभी तक भारत सरकार द्वारा पारित नही किया गया था, 2020 में मॉडल टेनेंशी एक्ट को विचाराधीन करने की बात कहीं गयी किंतु अज्ञात कारणों से ये बिल आज भी ठंडे बस्ते में पड़ा हुआ है।

## ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन के भाई का अडानी से जुड़ी कंपनी से इस्तीफा

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के छोटे भाई लॉर्ड जो जॉनसन ने अडानी एंटरप्राइजेज के फॉलो-ऑन पब्लिक ऑफर से जुड़ी कंपनी के गैर-कार्यकारी निदेशक पद से इस्तीफा दे दिया है। यह ब्रिटेन की एक फर्म है जिसने भारतीय उद्योगपति गौतम अडानी की कंपनी के एफपीओ में निवेश किया है। बता दें कि एक दिन पहले ही अडानी ने अपने एफपीओ को वापस लेने की घोषणा की थी, जिसके बाद से कंपनी के शेयर में और गिरावट देखने को मिला है। एलारा कैपिटल ने अडानी के इझ्ध् में किया निवेश द फाइनेंशियल टाइम्स' अखबार ने यूके कंपनीज हाउस के रिकॉर्ड का हवाला देते हुए खुलासा किया कि 51 वर्षीय लॉर्ड जॉनसन को पिछले साल जून में लंदन स्थित एलारा कैपिटल पीएलसी के निदेशक के रूप में नियुक्त किया गया था। जैसे



ही अडानी समूह ने बुधवार को अपने एफपीओ को वापस लेने की घोषणा की, जो ने इस्तीफा दे दिया। इलारा एक पूंजी बाजार में निवेश वाली कंपनी है, जो भारतीय कॉरपोरेट्स के लिए धन जुटाने का काम करती है। यह एफपीओ के जरिए पैसा बनाती है। जो जॉनसन ने बताया कि उन्हें कंपनी की 'अच्छी स्थिति' का आश्वासन दिया गया और 'डोमेन विशेषज्ञता' की कमी के कारण उन्होंने पद छोड़ दिया है। जो बोले- कंपनी ने नियमों के पालन करने का दिया आश्वासन इस्तीफे की खबर बाहर आने पर जो ने कहा कि मैं यूके-भारत व्यापार और निवेश संबंधों में योगदान करने की उम्मीद में पिछले जून में एक स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में लंदन स्थित एक भारत-केंद्रित निवेश फर्म एलारा कैपिटल के बोर्ड में शामिल हुआ था। उन्होंने कहा कि मुझे एलारा कैपिटल की ओर से लगातार बताया गया कि यह कंपनी कानूनी दायित्वों के अनुरूप है।

## अमेरिका में संवेदनशील क्षेत्र के ऊपर देखा गया चीनी पेंटागन ने कहा– यह पहली बार नहीं

**वाशिंगटन।** चीन ने एक बार फिर अमेरिका में जासूसी करने की हिम्मत की है, जिसका बड़ा सबूत सामने आया है। चीन और अमेरिका के बीच अभी तनाव का माहौल है और इस बीच चीन ने यह हिमाकत की है। अमेरिका के आसमान में चीनी स्पाई बैलून उड़ता दिखा है, लगा रहा है। चीनी स्पाई बैलून अमेरिका के जिस इलाके में उड़ता हुआ दिखा है, वहां संवेदनशील एयरबेस और स्ट्रैटेजिक मिसाइलें हैं। सीनियर अमेरिकी अधिकारियों ने इसे शूट नहीं करने की दी सलाह पेंटागन ने कहा कि एक संदिग्ध चीनी जासूसी गुब्बारा कुछ दिनों



जिसके बाद से अमेरिकी प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है और उसने चीनी राजनयिक को समन जारी किया है। चीनी स्पाई बैलून अमेरिका में उड़ता दिखा पेंटागन का कहना है कि वह अमेरिका के ऊपर चीनी जासूसी गुब्बारों का पता से संयुक्त राज्य अमेरिका के आसमान में उड़ रहा है और सीनियर अमेरिकी अधिकारियों ने इसे शूट नहीं करने की सलाह दी है, क्योंकि ऐसा करने से इसके मलबे से जमीन पर कई लोगों को खतरा हो सकता था।

## दुनिया का स्वागत करने के लिए हांगकांग तैयार, 5 लाख सैलानियों को देगा फ्री हवाई टिकट और वाउचर

**हांगकांग।** कोरोना महामारी के बाद हांगकांग दुनिया का स्वागत करने के लिए एक बार फिर तैयार है। यात्रियों और पर्यटकों को अपने समर्थन करने के लिए खरीदा गया है। अब कोरोना महामारी धीरे-धीरे खत्म हो रही है। हांगकांग पर्यटन बोर्ड ने एक आधिकारिक ट्वीट में उठाना पड़ा है। 2020 तक दुनिया का सबसे प्रसिद्ध पर्यटन स्थल हांगकांग में महामारी शुरू होने के एक साल पहले पांच करोड़



देश की यात्रा के लिए खुलकर लुभाने का प्रयास किया जा रहा है। हांगकांग पर्यटन बोर्ड की तरफ से खास ऑफर दिया जा रहा है। 5 लाख यात्री कर सकेंगे फ्री यात्रा हांगकांग पर्यटन बोर्ड ने हैलो, हांगकांग के नाम से इस ऑफर की शुरुआत की है। हजारों हवाई टिकट और वाउचर के जरिये लगभग पांच लाख यात्रियों को फ्री हवाई टिकट देने का फैसला किया है। इससे देश में पर्यटक को बढ़ावा मिल सकेगा। पर्यटन बोर्ड ने इस बंपर आफर को हांगकांग शहर की सैर के लिए निकाला है।हांगकांग पर्यटन बोर्ड के कार्यकारी निदेशक डेन चेंग ने कहा कि मुफ्त टिकट एयरलाइंस का कहा है कि हैलो, हांगकांग! हम आपका वापस स्वागत करने के लिए तैयार हैं। आइए शहर को जानने के लिए, हारून क्वोक और सैमी चेंग जैसे हांगकांग के सितारे तैयार हैं। हांगकांग का आनंद लेने के लिए आपको पांच लाख मुफ्त हवाई टिकट और वाउचर दिए जा रहे हैं। कोरोना महामारी की चपेट में आने से हांगकांग काफी समय से बंद चल रहा था। इस शहर में काफी समय से कोई भी विदेशी जाने से डर रहा है। साथ ही हाल के महीनों में कोविड यात्रा प्रतिबंधों को अब वापस कर लिया गया है। पर्यटकों की कमी के कारण हांगकांग की टूरिज्म इंडस्ट्री को पिछले तीन साल में काफी नुकसान 60 लाख पर्यटक पहुंचे थे। लेकिन, कोरोना प्रतिबंधों और चीन के जीरो कोविड नीतियों के कारण इनकी संख्या में काफी गिरावट आई है। अब यह शहर अपने पर्यटन उद्योग के जरिए महामारी के व्यापक प्रभाव से उबरने की उम्मीद कर रहा है। एयरपोर्ट अथॉरिटी हांगकांग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी फ्रेड लैम टिन फुक के अनुसार, मुफ्त टिकट हांगकांग स्थित एयरलाइंस कैथे पैसिफिक, एचके एक्सप्रेस और हांगकांग एयरलाइंस द्वारा वितरित किए जाएंगे। आप इसकी वेबसाइट पर जाकर पूरी जानकारी ले सकते है।

## सिक्किम राज्य में पैदा होने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए लगाए जाएंगे 100 पेड़




(आधुनिक समाचार सेवा)
**गंगटोक।** सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने एक पहल शुरू की है जिसके तहत हिमालयी राज्य में पैदा होने वाले प्रत्येक बच्चे के लिए 100 पेड़ लगाए



जाएंगे। अधिकारियों ने कहा कि 'मेरो रुख मेरो संतति' (एक पेड़ लगाओ, एक विरासत छोड़ो) नाम की पहल का उद्देश्य बच्चे के जन्म की याद में पेड़ लगाकर माता-पिता, बच्चों और प्रकृति के बीच संबंध को मजबूत करना है सीएम तमांग ने कहा, 'बच्चे के बढ़ने के साथ-साथ पेड़ों को बढ़ते देखना एक नवजात शिशु का स्वागत करने और इस धरती पर उनके आगमन का जश्न मनाने का एक प्रतीकात्मक तरीका होगा। यह भारत में अपनी तरह की पहली अभिनव हरित पहल है।मुख्यमंत्री ने गुरुवार को कार्यक्रम में कुछ नए अभिभावकों को पौधे भी वितरित किए। वन विभाग के सचिव प्रदीप कुमार ने कहा कि इस पहल से प्रकृति के प्रति लोगों का नजरिया बदलेगा और बच्चे के जन्म के उपलक्ष्य में लगाए गए पौधे पीढ़ियों के बीच एक सेतु का निर्माण करेंगे।तमांग ने कहा कि सिक्किम के समाज का प्राचीन काल से प्रकृति के साथ घनिष्ठ संबंध रहा है। उन्होंने कहा 'हम न केवल अपने पहाड़ों, झीलों, नदियों, गुफाओं और झरनों का सम्मान करते हैं, बल्कि पूरे परिदृश्य को पवित्र मानते हैं।'सिक्किम के मुख्य सचिव वीबी पाठक ने कहा कि पहल की सफलता के लिए राज्य सरकार के विभिन्न विभागों को नए माता-पिता को निर्बाध सेवा प्रदान करने के लिए एकजुट होने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, पंचायतों, नागरिक निकायों और वन कर्मचारियों को माता-पिता के ऑनबोर्डिंग की सुविधा प्रदान करने की आवश्यकता होगी। उन्होंने कहा कि व्हाट्सएप, ईमेल और वेब पोर्टल जैसे डिजिटल प्लेटफॉर्म नए माता-पिता से जुड़ने में सक्षम हैं।

## ओटीटी पर इस शुक्रवार अरबाज खान के शो समेत आ रहीं ये सीरीज और फिल्में

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** 2023 का पहला महीना बीत चुका है और ओटीटी स्पेस में कंटेंट भी अब रफ्तार पकड़ रहा है। फरवरी के पहले शुक्रवार को कई नये शोज और फिल्में आ रही हैं। इनमें अरबाज खान का नया चैट शो भी है, जो एक अंग्रेजी वेबसाइट पर स्ट्रीम किया जाएगा। कुछ और हिंदी शोज भी हैं, जो वीकली शो है। हर हफ्ते नया एपिसोड प्रसारित किया जाएगा। सोनी लिव पर क्राइम वेब सीरीज जहानाबाद ऑफ लव एंड वॉर 3 फरवरी को आ रही है। बिहार के जहानाबाद की आपराधिक उथल-पुथल में सेट यह लव स्टोरी है। सुधीर मिश्रा ने सीरीज को क्रिएट किया। ऋत्विक भौमिक, हर्षिता गौड़, सत्यदीप मिश्रा, परमब्रत के समंदर घूमकर रिकॉर्ड बनाना चाहती है, मगर सफर इतना आसान नहीं है। 3 फरवरी को लायंसगेट प्ले पर प्राइजफाइटर- द लाइफ ऑफ जेम बेल्चर की कहानी आएगी। फिल्म में दिखाया जाएगा कि कैसे आधुनिक बॉक्सिंग ने जन्म लिया और जेम बेल्चर इसके पायनियर थे। यह डार्क फैमिली ड्रामा है। फिल्म में रे विंस्टन, जोढी

इस हफ्ते आ रहे हैं। हिंदी फिल्में नहीं हैं, लेकिन अंग्रेजी भाषा की कई फिल्में स्ट्रीम हो रही हैं। अरबाज खान का शो द इनविंसिबल (ऊप छ्न्ह्म्न्त) 3 फरवरी को बॉलीवुड बबल के यू-ट्यूब चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। इस शो में हिंदी सिनेमा के कई लीजेंड्स अपने करियर और लाइफ को लेकर बातचीत करते नजर आएंगे।शो के ट्रेलर में दिखाया गया है कि अरबाज इनसे वो सवाल पूछते हैं, जो आम तौर पर गॉसिप कॉलम्स में छाये रहते हैं। शो में सलमान खान, जावेद अख्तर, शत्रुघ्न सिन्हा, वहीदा रहमान, हेलन, महेश भट्ट शामिल हैं। यह चटर्जी और रजत कपूर अहम किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। नेटफ्लिक्स पर 3 फरवरी को हिंदी वेब सीरीज क्लास आ रही है। इसकी कहानी दिल्ली के एक काल्पनिक पब्लिक स्कूल की पृष्ठभूमि में दिखायी गयी है, जहां आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों का दाखिला हो जाता है और फिर वर्ग संघर्ष के साथ आगे बढ़ती है। आशिम अहलूवालिया ने सीरीज का निर्देशन किया है। गुरफतेह पीरज़ादा लीड रोल में हैं। नेटफ्लिक्स पर ट्रू स्पिरिट फिल्म स्ट्रीम होगी। इसकी कहानी एक ऐसी युवती के बारे में है, जो सबसे कम उम्र में अपने दम पर दुनियाभर मे, मार्टन सोकस, रसल क्रो और मैट हुकिंग्स नजर आएंगे। 4 फरवरी को एमएक्स प्लेयर पर चाइनीज ड्रामा सीरीज लव इज स्वीट स्ट्रीम होगी। 36 एपिसोड्स की इस रोमांटिक कॉमेडी में बचपन के दो दोस्तों की कहानी दिखायी गयी है, जो सालों बाद एक-दूसरे से काम के दौरान मिलते हैं, लेकिन प्रतिद्वंद्वी बनकर। ऑस्कर अवॉर्ड्स में नॉमिनेटेड फिल्में इन सीरीज और फिल्मों के अलावा अगर आपको 95वें एकेडमी अवॉर्ड्स के नॉमिनेशंस तक पहुंची फिल्में देखनी हैं तो वो भी ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर मौजूद हैं।

## इस शानदार पैलेस में होगी कियारा सिद्धार्थ की शादी, गेस्ट लिस्ट आउट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में एक बार फिर से शादी की शहनाई बजने वाली है। रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म इंडस्ट्री के पावर कपल में से एक है। उन्होंने अपने पोस्ट में बताया कि सिद्धार्थ और कियारा आडवाणी की शादी जैसलमेर के आलीशान पैलेस 'सूर्यघर' में होगी इस कपल की शादी में परिवार और करीबी होंगे। इसी के साथ प्रीति के कबीर सिंह उर्फ शाहिद कपूर भी पत्नी मीरा के साथ इस शादी में शामिल होने वाले हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो जैसलमेर के सूर्यघर पैलेस में



सिद्धार्थ और कियारा जल्द ही सात-फेरे लेकर हमेशा के लिए एक-दूजे के जीवन साथी बनने वाले हैं। इस कपल की शादी की तारीख तो पहले ही आपके सामने आ चुकी है और अपनी शादी में कियारा मनीष मल्होत्रा का लहंगा पहनने वाली हैं। अब दोनों की शादी कब, किस शहर में होगी और कैसी चल रही हैं सिद्धार्थ- कियारा की शादी की तैयारियां हम आपको अपनी स्टोरी में पूरी डिटेल्स देने जा रहे हैं।कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की शादी में कैसे एस्ट होगा, इस चीज की पूरी जानकारी सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की दोस्त ही नहीं, बल्कि बड़े-बड़े सितारे शामिल होने वाले हैं। कई गेस्ट डायरेक्ट फ्लाईट से एयरपोर्ट पर लैंड होंगे, तो कई सितारे चार्टेड प्लेन से आएंगे। ई-टाइम्स की रिपोर्ट्स की मानें तो दोनों की शादी में गेस्ट के लिए 70 से 80 कारें बुक की गई हैं।रिपोर्ट्स की मानें तो सिद्धार्थ-कियारा की शादी में 100-125 गेस्ट शामिल होने वाले हैं। जिसमें उनके परिवार के अलावा उनके करीबी इंडस्ट्री के दोस्त शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, करण जौहर से लेकर मनीष मल्होत्रा और कियारा आडवाणी की बचपन की दोस्त ईशा अंबानी तो इस शादी में शामिल लगभग 80 कमरे गेस्ट के लिए बुक किए गए ह सिद्धार्थ-कियारा आडवाणी की लव स्टोरी शेरशाह की शूटिंग के दौरान शुरू हुई थी। इस कपल ने कभी भी अपने प्यार का इजहार खुलेआम नहीं किया और साथ ही अपनी शादी पर भी दोनों ने पूरी तरह से चुप्पी साधी हुई ह हालांकि, जब ये दोनों करण जौहर के शो 'कॉफी विद करण' के सीजन 7 में आए थे, तो कियारा ने ये कहा था कि दोनों का रिश्ता दोस्ती से ऊपर है और साथ ही 2023 में अपनी शादी को लेकर मेनिफेस्ट भी किया था। रिपोर्ट्स की मानें तो 4 से 6 तारीख तक इनकी शादी के फंक्शन चलेंगे।

## हिंदी में ओटीटी पर आ रही अजीत स्टारर 'थुनिवु'

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** अगर आप साउथ सिनेमा के शौकीन हैं और ढूंढ-



ढूंढकर तमिल-तेलुगु फिल्में देखते हैं तो आपके लिए अच्छी खबर है। दुनियाभर में तहलका मचाने वाली तमिल फिल्म थुनिवु की ओटीटी रिलीज डेट की पुष्टि हो गयी है। फिल्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम की जा रही है। फिल्म हिंदी में भी स्ट्रीम की जाएगी। थुनिवु इसी साल पोंगल के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और बेहतरीन कलेक्शन किया था। नेटफ्लिक्स की ओर से साझा की गयी जानकारी के मुताबिक, फिल्म 8 फरवरी को प्लेटफॉर्म पर आएगी और तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं के साथ हिंदी में भी स्ट्रीम की जा रही है। एच विनोद निर्देशित थुनिवु का निर्माण बोनी कपूर ने किया है। फिल्म 4 हफ्तों बाद ओटीटी पर स्ट्रीम की जा रही है। थुनिवु हार्ड कोर एक्शन ड्रामा फिल्म है, जिसमें तमिल सुपरस्टार अजीत लीड रोल में हैं। मंजू वारियर ने फीमेल लीड रोल निभाया है। कुछ हैरान करने वाले ट्विस्ट्स एंड टर्न्स के साथ यह एक हाइस्ट ड्रामा है। अजीत ने फिल्म में जबरदस्त एक्शन किया है। उनका सफेद बालों और दाढ़ी के साथ नया लुक काफी चर्चित हुआ था। फिल्म 11 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। ट्रेड रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म ने महज 20 दिनों में लगभग 280 करोड़ का कलेक्शन वर्ल्डवाइड किया था, जिसमें से लगभग 193 करोड़ भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जमा किये थे।

## पूजा हेगडे भाई की शादी में पहुंचे सलमान खान, परिवार के साथ कराया फोटो सेशन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**फिल्म अभिनेता सलमान खान ने पूजा हेगड़े की भाई ऋषभ की शादी में भाग लिया। इस अवसर पर वह परिवार के लोगों के साथ फोटो खिंचवाते भी नजर आए। सभी सलमान खान को अपने बीच पाकर खुशी से फूले संगीत सेरेमनी की लग रही है। वहीं, एक फोटो वीडियो में पूजा हेगड़े परिवार के साथ डांस करती हुई नजर आ रही हैं। इसके पहले पूजा हेगड़े ने अपने भाई की शादी की तस्वीरें शेयर की थी। उन्होंने लिखा था, 'मेरे भाई ने अपने प्यार से शादी की। यह सब बहुत ही



नहीं समा रहे थे। सलमान खान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं सलमान खान की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। एक फैन ने फोटो शेयर कर लिखा है, 'सलमान खान की लेटेस्ट फोटो। पूजा हेगड़े की भाई की शादी में।' वहीं, एक फैन ने लिखा है, 'खूबसूरत तस्वीर, सलमान खान पूजा हेगड़े एक साथ।' एक तस्वीर में सलमान खान दूल्हा और दुल्हन के साथ पोज करते नजर आ रहे हैं। उन्होंने ऑल ब्लैक कलर का ड्रेस पहन रखा है।सलमान खान कैमरे की ओर देखकर मुस्कुरा रहे हैं। एक अन्य तस्वीर में वह पूजा हेगड़े के अलावा और भी कई लोगों के साथ पोज दे रहे हैं। यह तस्वीर उतार-चढ़ाव भरा रहा। मुझे खुशी के आंसू भी आए। वहीं, मुझे काफी हंसी भी आई। मेरा भाई अपने जीवन के अगले चरण में कदम रख रहा है। मुझे लगता है कि वह खुश रहेगा। शिवानी शेट्टी आप बहुत ही खूबसूरत दुल्हन लग रही थी। हमारे परिवार में आपका स्वागत है।' सलमान खान पूजा हेगड़े के साथ जल्द किसी का भाई किसी की जान में नजर आएंगे। इसमें उनके अलावा शहनाज गिल, सिद्धार्थ निगम, जस्सी गिल, राघव जुयाल की अहम भूमिका है। यह फिल्म ईद के अवसर पर रिलीज होने वाली है। सलमान खान इन दिनों बिग बॉस 16 भी होस्ट कर रहे है। इसका फिनाले जल्द होनेवाला है।

## निरहुआ के जन्मदिन पर आम्रपाली दुबे ने आखिर कह दी अपने दिल की बात

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** भोजपुरी सिनेमा के सुपरस्टार और आजमगढ़ के सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ आज आपना 43वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं। इस खास मौके पर भला हुए दिनेश लाल यादव के लिए खास कैप्शन लिखा है। उन्होंने लिखा, 'हैप्पी बर्थडे सपना के राजा दिनेश लाल यादव, हमेशा खुश रहें, स्वस्थ रहें, दीर्घायु रहें और सबके दिलों पर ऐसे ही राज करते रहें।' इसे




एक्ट्रेस आम्रपाली दुबे उन्हें विश करना कैसे भूलती।? निरहुआ के बर्थडे पर आम्रपाली ने उन्हें बेहद ही खास अंदाज में बधाई देते हुए उन्हें अपने सपनों का राजा बताया है। आम्रपाली दुबे ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक बेहद खास वीडियो पोस्ट कर दिनेश लाल यादव को जन्मदिन की ढेरों बधाई दी है। वीडियो में आम्रपाली और निरहुआ संग रोमांटिक होती दिख रही हैं। उनका ये वीडियो कई तस्वीरें और वीडियो को मिलाकर बनाया गया है। इसमें दोनों की हॉट केमेस्ट्री देख फैंस के पसीने छूट रहे हैं। कई जगहों पर आम्रपाली उनके साथ डांस करती दिख रही हैं तो कई जगहों पर रील का यूज किया गया है। आम्रपाली दुबे ने इस वीडियो को शेयर करते साथ एक्ट्रेस ने कई सारे इमोजी भी बनाए हैं। इस वीडियो को अब तक काफी बार देखा जा चुका है। वहीं इस पर कमेंट कर यूजर्स दिनेश को जन्मदिन की बधाई देते नजर आ रहें आपको बता दें कि दिनेश लाल यादव ने भी आम्रपाली दुबे के जन्मदिन पर उन्हें एक खास वीडियो के जरिए विश किया था। वीडियो को निरहुआ ने आम्रपाली के साथ अपनी कई तस्वीरों मिलाकर बनाया था। हर तस्वीर में दोनों काफी रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। इस वीडियो के बैकग्राउंड में गाना चल रहा है 'मैं जिस दिन भुला दूं तेरा प्यार दिल से...'। इस वीडियो पर हैप्पी बर्थ प्रिंसेस लिखा था। वहीं, इसके साथ कैप्शन में लिखा था, हैप्पी बर्थडे सपनों के रानी। भगवान तुम्हें खुश रखे।'

## शहनाज गिल की परफॉर्मेंस देख निमृत को हो गई थी जलन, बिग बॉस 13 के वीडियो पर ट्रोल हुईं 'निमो'


**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 के फिनाले में अब बस कुछ ही दिन बचे हैं। शो में इस वीकेंड सुम्बुल



तौकीर खान के बाहर होने के बाद अब घर में 6 सदस्य बचे हैं। शालीन भनोट, प्रियंका चाहर चौधरी, अर्चना गौतम, शिव ठाकरे, एमसी स्टैन और निमृत कौर अहलूवालिया। सोशल मीडिया पर इसे लेकर काफी बज है कि कौन ये शो जीतने वाला है। इसी बीच निमृत का एक पुराना वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। निमृत कौर अहलूवालिया बिग बॉस 16 में एंट्री के साथ ही कैप्टन बन गई थीं। कंटेस्टेंट भी लगातार आरोप लगाते रहे हैं कि बिग बॉस इन्हें लेकर काफी बायस्ड हैं। जब से निमृत को टिकट टू फिनाले मिला है तब से तो इस अवधारणा को और भी हवा मिल गई है। इसी बीच निमृत का थ्रोबैक वीडियो शेयर हो रहा है जिसमें वो शहनाज गिल की परफॉर्मेंस देखने के बाद मुंह बनाती नजर आ रही हैं। दरअसल, ये वीडियो बिग बॉस सीजन 13 का है जब शहनाज गिल और सिद्धार्थ शुक्ला शो में परफॉर्म कर रहे थे। निमृत भी 'छोटी सरदारनी' की टीम के साथ बिग बॉस 13 में न्यू ईयर के मौके पर गई थीं।

## टॉर्चर टास्क में सुंबुल ने लगाई मंडली की लंका प्रियंका-अर्चना को गलती से बताया मास्टर स्ट्रोक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बिग बॉस 16 के मेकर्स ने फिनाले से पहले कंटेस्टेंट को एक सुनहरा मौका दिया। उन्होंने प्राइज मनी को बढ़ाकर 50 लाख करने के लिए एक टास्क करवाया, जो किसी टॉर्चर से कम नहीं था। टास्क इतना खतरनाक था कि प्रियंका चाहर चौधरी, निमृत कौर और अर्चना गौतम की तो चीखें निकल गई, लेकिन सबसे बड़ी गलती सुंबुल से हुई क्योंकि उन्होंने अपने ही दोस्तों को मुसीबत में डाल दिया बिग बॉस 16 के टॉर्चर टास्क के पहले राउंड में प्रियंका, अर्चना और शालीन को मंडली ने टॉर्चर किया था। वहीं, दूसरे राउंड में निमृत, शिव और स्टैन को बाकी तीनों से टॉर्चर होना था। सुंबुल टास्क का हिस्सा नहीं थीं क्योंकि उन्होंने खेलने से मना कर दिया, लेकिन नादानी में उन्होंने प्रियंका और अर्चना की मदद कर दी। टार्चर टास्क के बाद अर्चना और प्रियंका आपस में बात कर रही होती हैं। अर्चना कहती हैं कि अगर सुंबुल टास्क में होती तो वो उनके लिए टास्क को मुश्किल बना देती। अच्छा हुआ कि उसने खुद ही टास्क नहीं किया, अगर वो होती तो हमें और भी परेशानियां झेलनी पड़ती। वहीं, प्रियंका ने कहा कि अगर सुंबुल टास्क करती तो फाड़ करके रख देती। प्रियंका और अर्चना बात कर ही रही होती हैं कि इस बीच सुंबुल वहां आ जाती हैं। दोनों की बातों पर रिएक्ट करते हुए सुंबुल ने उनकी टीम की तारीफ की। मंडली की बात करते हुए इमली एक्ट्रेस ने आगे कहा, ठअगर वो लोग बैक टू बैक तीन बाल्टी का पानी एक साथ मारते तो तुम सभी बाहर हो जाते है क्योंकि एक बार पैर फिसलता तो दोबारा पैर टिकाने में मुश्किल हो जाती। ये बात मैं उस वक्त बोल नहीं पाई।ठ विरोधी टीम के सामने सुंबुल ये बात गलती से बोल गईं, लेकिन प्रियंका और अर्चना को आइडिया दे गईं कि टॉर्चर टास्क में वो मंडली के छक्के कैसे छुड़ा सकती हैं।





## निकाह के बाद राखी सावंत ने किया चौंकाने वाला खुलासा, बोला आदिल ने मेरा इस्तेमाल किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्म इंडस्ट्री की ड्रामा क्वीन राखी सावंत के जीवन



में परेशानियां कम होने का नाम ही नहीं ले रही हैं। एक तरह जहां 4 दिन पहले उनकी मां का निधन हुआ है। तो वहीं अब अदाकारा की शादी खतरे में है। बुधवार को राखी ने मीडिया के सामने आकर कहा था कि उनकी शादी खतरे में है। वहीं अब गुरुवार को उनका नया वीडियो सामने आया है, जिसमे उन्होंने पति आदिल खान को लेकर कई चौंकाने वाले राज खोले हैं। गुरुवार सुबह एक बार फिर राखी को मीडिया फोटोग्राफर ने मुंबई में उनके जिम के बाहर स्पॉट किया गया। इस दौरान मीडिया के सामने आदिल के कई राज खोलती नजर आ रही हैं। सेलिब्रिटी फोटोग्राफर विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर अदाकारा के दो वीडियो शेयर किए है, जिसमे वह कहती है- अल्ला से मैं मांगूंगी... 30 रोजे करूगी.. मैं उमरा जाउंगी अगर आदिल ले जाए तो ज्यादा अच्छा होगा। वरना मेरे बहुत से मुस्लिम भाई है उनके बोलूंगी मुझे उमरा कराए। मेरा अल्ला सच्चा है मैं एक सच्ची बीवी हूं... मैने सच्चाई से निकाह कबूल किया है तो वो सुधर के मैरे पास जरुर आएंगे हां अगर आदिल मेरे साथ लॉयल नहीं है तो किसी और लड़की के साथ भी सच्चा नहीं हो सकता। आदिल तुम मुझे तलाक नहीं दे सकते है। मैं दुनिया के हर कोर्ट में जाउंगी। मैं अल्ला का कोर्ट में भी जाउंगी। उस लड़की की बात में आकर मुझे तलाक की धमकी मत देना। तो वहीं दूसरी वीडियो में राखी मीडिया से कहती है कि मैं नहीं चाहती की आप लोग आदिल के इंटरव्यू ले। उसको यही चाहिए था इंडस्ट्री में आकर मेरा इस्तेमाल करे और बहुत बड़ा स्टार बने। झूठों का पुतला है वो। बिग बॉस मराठी सीजन 4 से बाहर आने के बाद राखी सावंत ने मीडिया में अपनी औ आदिल के निकाह का खुलासा किया था। इतना ही नहीं उन्होंने सोशल मीडिया पर निकाह की सभी तस्वीरें और वीडियो को शेयर भी किया था।

## सारा-शुभमन की छुप-छुपकर हो रही है मुलाकात, इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हुई फोटो

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।**बॉलीवुड के गलियारों से पिछले काफी समय से सारा अली खान और शुभमन गिल के अफेयर की खबरें आ रही हैं। दोनों को कई बार साथ में स्पॉट भी किया गया है। हालांकि, दोनों ही अपने पोस्ट की गई इस फोटो में सारा अली खान और शुभमन गिल एयरपोर्ट पर बैठे हुए नजर आ रहे हैं। ये तस्वीर ब्लर है, जिसमें शुभमन सामने की तरफ देख रहे हैं और सारा उन्हें कुछ कहती हुई नजर आ रही हैं। ये तस्वीर इन




रिश्ते पर मुहर लगाने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं। अब हाल ही में सारा अली खान की शुभमन गिल संग एक फोटो इंटरनेट पर धड़ल्ले से वायरल हो रही है। इस तस्वीर को देखने के बाद सोशल मीडिया पर फैंस अलग-अलग तरह की प्रतिक्रिया जाहिर कर रहे हैं।सोशल मीडिया पर सारा अली खान और क्रिकेटर शुभमन गिल की इस तस्वीर को एक यूजर ने शेयर किया है। हालांकि इस बात की कोई जानकारी सामने नहीं आई है कि सारा और शुभमन की ये फोटो पुरानी है या फिर अभी हालिया की है। एक फैन द्वारा ट्विटर पर दोनों के अफेयर की खबरों को हवा दे रही है। इससे पहले भी दोनों को एक साथ काफी हैंगआउट करते हुए देखा गया है।हाल ही में जब वनडे मैच के दौरान शुभमन गिल ने दोहरा शतक मारा था, तो स्टेडियम में 'सारा-सारा' के नारे गूंज उठे थे। इससे पहले शुभमन गिल जब पंजाबी एक्ट्रेस सोनम बाजवा के शो में पहुंचे थे, तो उस दौरान उन्होंने सारा अली खान की तारीफों के पुल बांध दिए थे और उन्हें बॉलीवुड की सबसे फिटेस्ट एक्ट्रेस बताया था। हाल ही में जब सारा और शुभमन गिल के अफेयर की खबरों के बीच सोनम बाजवा संग एक्टर की हाथ मिलाते हुए तस्वीर वायरल हुई थी। इस तस्वीर के बाद सोनम बाजवा ने इस कपल की खिंचाई करते हुए सारा-शुभमन के रिलेशनशिप पर हिंट भी दी थी। सारा अली खान की आगामी फिल्मों की बात करें तो वह साल 2023 में कई बड़ी फिल्मों में नजर आने वाली हैं। हाल ही में उनकी फिल्म 'ए वतन मेरे वतन' से एक्ट्रेस का पहला लुक सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस एक स्वतंत्रता सेनानी के रूप में नजर आने वाली हैं। ये फिल्म अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपी एसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com
नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।